आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14ह्यह्य6 संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 06 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

09 जुलाई 2025 बुधवार

आज का मौसम

25 अधिकतम

18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page-7

### 26 साल से चल रही थी फरार

## सीबीआई ने आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को किया गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** सीबीआई ने कथित आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से हिरासत में ले लिया है। 26 साल से फरार चल रही मोनिका को सीबीआई की टीम बुधवार रात भारत लाएगी। इसे भारतीयों एजेंसियों की एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। केंद्रीय एजेंसी अमेरिका से मोनिका कपूर को हिरासत में लेकर एक अमेरिकी एयरलाइंस की फ्लाइट से भारत रवाना हो चुकी है। सीबीआई की इस टीम के बुधवार रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट) ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कपूर के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें भारत वापस लाया गया तो उन्हें प्रताड़ित किया जा सकता है, इसलिए उनका प्रत्यर्पण 1998 के विदेश मामलों के सुधार और पुनर्गठन अधिनियम द्वारा लागू किए गए संयुक्त राष्ट्र यातना विरोधी कन्वेंशन का उल्लंघन होगा।




## वडोदरा में महिसागर नदी पर बना पुल ढहा, वाहन गिरे, कई मौतें



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले से आणंद को जोड़ने वाला नदी के उपर बने पुल के गिरने की जानकारी सामने आ रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक, पुल का एक हिस्सा ढहने से चार वाहन नदी में गिर गए हैं। पुलिस ने अभी तक चार लोगों को बचा लिया है। बचाव कार्य जारी है। पुलिस ने बताया कि गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार सुबह एक पुल का एक हिस्सा ढहने से कम से कम चार वाहन नदी में गिर गए। पड़ारा पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि अब तक चार लोगों को बचा लिया गया है और बचाव अभियान अभी भी जारी है। अधिकारी ने बताया कि राज्य राजमार्ग के किनारे महिसागर नदी पर स्थित गंभीरा पुल सुबह करीब 7.30 बजे ढह गया। जिससे चार वाहन नदी में गिर गए। दो ट्रक और दो वैन समेत कई वाहन नदी में गिर गए। हमने अब तक चार लोगों को बचा लिया है।

### बिहार विधानसभा चुनाव

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य अंतिम पड़ाव पर, 97 फीसदी फॉर्म बांटे

**पटना।** बिहार में आगामी चुनावों के मद्देनजर एक समावेशी और सटीक मतदाता सूची तैयार करने का वृहद अभियान अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। अभियान के तहत, हर मौजूदा मतदाता को पहले से भरे हुए फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें उनके नाम, पते व पुरानी तस्वीरों समेत व्यक्तिगत विवरण शामिल हैं। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, 7.90 करोड़ फॉर्म छापे गए और 97.4 प्रतिशत से अधिक (7,70,44,990) मतदाताओं को बांटे जा चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर इन फॉर्मों को इकट्ठा कर रहे हैं और हर घर में कम से कम तीन बार जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई मतदाता छूटे नहीं। आयोग ने बताया कि इसके अतिरिक्त, 18.16 प्रतिशत फॉर्म ईसीआईनेट पर अपलोड भी किए गए हैं। 24 जून, 2025 तक राज्य में दर्ज कुल 7,89,69,844 मतदाताओं को कवर करते हुए, निर्वाचन आयोग पूरी सक्रियता से यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले।




### मप्र मंत्रिमंडल की बैठक में कई दूरगामी फैसलों के लिए मंथन

## बिजली वितरण कंपनियों के स्ट्रक्चर में बदलाव को मिली मंजूरी, अब नई वर्कफोर्स तैयार होगी

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

मप्र की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के स्ट्रक्चर में बदलाव को आखिर मंजूरी मिल गई है। इसके तहत अब बिजली कं?पनियों में करीब 49 हजार नई भर्ती की जाएंगी । आज मोहन यादव मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव पर विचार के बाद हरी झंडी दे दी है। लंबे अर्से बाद यह नई भर्ती होंगी।

कैबिनेट बैठक सीएम यादव के दिल्ली से लौटने के बाद शुरू हुई। वे कल से दिल्ली में थे।

बताया जाता है कि बिजली कंपनी के ढांचे में बदलाव के तहत जो बदलाव प्रस्तावित हैं उनके जरिये कामकाज में सुधार के साथ ही समन्वय और समयबध्दता पर जोर है। गौरतलब है कि अभी बिजली व्यवस्था 3 कंपनियां संभाल रही हैं। इनमें करीब 1.80 करोड़ बिजली



उपभोक्ता है, इनमें से 1.25 करोड़ घरेलू उपभोक्ता हैं। कंपनियों को हर महीने करीब 5 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है, जिसमें से करीब दो हजार करोड़ रुपए सरकार की सब्सिडी होती है।

उपभोक्ताओं की कई समस्याएं भी हैं, जो कम से कम समय में पूरे नहीं होते।

सूत्रों के मुताबिक इसी आधार पर धिकारी, कर्मचारियों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ाने की कवायद दो महीने पहले चालू हुई थी। लिहाजा ऊर्जा विभाग ने नए ओएस सेटअप का खाका खींचा। मध्य, पूर्व व पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनियों को 20 हजार से अधिक नए पद मिलेंगे।

इसके अलावा राजधानी में होटल लेक व्यू रेसिडेंसी में बदलाव को लेकर भी आज फैसला हो रहा है। इस होटल को नए डिजाइन, निर्माण, संचालन और हस्तांतरण के आधार पर पीपीपी मोड में सौंपने का मानस सरकार ने बनाया है। इस पर चर्चा के बाद ठोस निर्णय हो सकता है। इसमें लीज रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति विभागीय बजट से किए जाने पर भी निर्णय लिया जाएगा। वहीं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कृषि सिंचाई जलकर की ब्याज माफी, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की साधिकार समिति की 63वीं बैठक में लिए गए निर्णयों का प्रजेंटेशन, वन विभाग की प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि विधेयक का मसौदा भी है और स्थानीय निधि संपरीक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1991 में संशोधन को भी मंजूरी का भी प्रस्ताव है। वहीं महिला और बाल विकास विभाग के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 66 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की स्वीकृति दी जाएगी।

### तीसरी बार कर्ज लेगी मप्र सरकार

मप्र सरकार आज बाजार से 4800 करोड़ रुपए के दो कर्ज भी लेने जा रही है। इस वित्त वर्ष में सरकार द्वारा लिए जा रहे पांचवें और छठे कर्ज के साथ कर्ज का चालू वित्त वर्ष में लिए जाने वाले कर्ज का आंकड़ा 14300 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। सरकार ने इसके पहले सात मई और 4 जून को कर्ज लिया है। यह कर्ज रिजर्व बैंक के माध्यम से गवर्नमेंट सिक्योरिटीज बेची।

## पाक में पीएम शाहबाज के तख्तापलट की आशंका, जरदारी देंगे इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में इन दिनों जबरदस्त उथल पुथल देखक्ष जा रही है। । यह भी चर्चाएं जोरों पर हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को जल्द ही पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है और उनके स्थान पर शक्तिशाली सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर देश के नए राष्ट्रपति बन सकते हैं। खबरों के मुताबिक पाकिस्तान में मौजूदा संसदीय प्रणाली को बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लागू किए जाने की भी तैयारी बताई जा रही है। सत्ता परिवर्तन का खेल पाक आर्मी के समर्थन से हो रहा है। पाक आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सबसे ताकतवर पद पर आसीन हैं। वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करते जा रहे है। इस पद के साथ असीम मुनीर को आजीवन सैन्य विशेषाधिकार, कानूनी प्रतिरक्षा और असंवैधानिक हस्तक्षेपों से सुरक्षा प्राप्त हो जाती है। इधर आर्मी चीफ मुनीर और जरदारी के बीच बढ़ने समीकरणों के लेकर के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने विरोध जताना शुरू कर दिया है।



## पटरियों के हुक्स निकले हैं... रेलयात्री ने बताया

**मुरादाबाद।** एक रेल यात्री की सजगता से बड़ी अनहोनी टलने पर रेल्वे ने उसे धन्यवाद दिया है। दरअसल अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक रेल यात्री ने डीआरएम मुरादाबाद को ट्वीट किया कि ट्रेन जब एक जगह खड़ी थी, तब उसने ट्रैक के कुछ हुक्स को निकले देखा है। ट्रेन यात्री ने जगह की लोकेशन भी पोस्ट की। ट्वीट का संज्ञान लेते हुए रेलवे की मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची और हुक्स लगाए। यात्रा कर रहे यात्री का नाम पीएस सुधांशु बताया जाता है। उन्होने एक वीडियो भी डाला, जिसमें ट्रैक के हुक्स निकले नजर आ रहे थे। युवक ने इसकी लाइव लोकेशन भी भेजी, जो हरदोई-शाहजहांपुर रेल खंड के अंतर्गत बेहटा गोकुल और टोडरपुर के बीच की थी।

## भारत पर 10 फीसद टैरिफ थोपेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर 1 अगस्त से 10 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा- हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ब्रिक्स बनाया गया था। जो भी इसमें है उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। गौरतलब है कि हाल में पीएम मोदी ब्रिक्स देशों के समिट में शामिल हुए थे।





ट्रम्प ने कहा- डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे नियमों के खिलाफ बताया

### यहां पर फंसी है बात

ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, %1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे।

## मौसम: मानसून से मप्र तरबतर, नर्मदा उफनी



**भोपाल/नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई है। हालांकि जनहानि की अब तक सूचना नहीं है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मानसून ने मप्र के हर हिस्से को तरबतर कर रखा है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया जिले बाढ़ की चपेट में हैं। नर्मदा और दूसरी नदियां उफान पर हैं। छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए, दमोह में सतधरू-साजली बांध के 3-3 गेट खोले घए। जबलपुर में बरगी डैम के 17 गेट खोले गए। नरसिंहपुर के कई गांव पानी में आधे डूब गए। दक्षिण-पश्चिम मानसून से अब तक मप्र में औसत 14 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 74त्न ज्यादा है। आज भी 35 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से जैसे- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में असर ज्यादा रहेगा। मप्र के हिल स्टेशन पचमढीव में नौ घंटे में आज सुबह तक पांच इंच बारिश दर्ज की गई है।

उधर उप्र में वाराणसी में गंगा का जलस्तर तेजी से बढकर खतरे के निशान तक पहुंच रहा है। यहां 20 से ज्यादा घाट नदी में डूबे हैं। दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती का स्थान बदला गया है। असी घाट पर भी आरती स्थल पर गंगा का पानी पहुंचा है। राजस्थान में मानसून इस कदर मेहरबान है कि अब तक सामान्य से करीब 121 फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है।

**मेट्रो एंकर**

### कंपनी को लगातार लग रहे झटके

## डोनाल्ड ट्रंप से पंगा फिलहाल महंगा पड़ने लगा दिग्गज कारोबारी मस्क को, अरबों का झटका

**वॉशिंगटन।, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पैंतरे पर दुनिया की नजर है, उन्होंने कल ही जापान, दक्षिण कोरिया समेत 14 देशों पर नए टैरिफ ऐलान किया है। इसका असर अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट के रूप में भी देखने को मिला है लेकिन कभी ट्रंप के जिगरी दोस्त रहे और अब नई पॉलिटिकल पार्टी बनाने जा रहे दुनिया के सबसे बडे अरबपति कारोबारी इलन मस्क को झटके पर झटके लग रहे हैं।

24 घंटे में ही मस्क की कंपनी टेस्ला का शेयर क्रैश हो गया और उन्हें 15.3 अरब डॉलर यानि करीब 1.31 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है। बीते कुछ दिनों में मस्क की नेटवर्थ में भी लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इसे दुनिया के सबसे अमीर इंसान और टेस्ला व स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक की ट्रंप से तकरार का नतीजा भी माना जा रहा है। हालिया दोनों की जुबानी जंग की बात करें, तो अमेरिका के 249वें स्वतंत्रता दिवस पर ट्रंप ने %बिग ब्यूटीफुल बिल% लागू किया, तो मस्क ने इसकी आलोचना शुरू कर दी। इसे लेकर ट्रंप ने उनकी परेशानी का कारण बताते हुए कहा कि इस बिल में ईवी खरीद पर मिल रहे टैक्स बेनिफिट्स खत्म हुए हैं, तो मस्क परेशान हैं।




इसके जवाब में ही मस्क ने अमेरिका पार्टी नाम से नई राजनीतिक पार्टी का ऐलान कर हलचल मचा दी। मगर इस तकरार के बीच मस्क को लगातार बड़ा घाटा झेलना पड़ रहा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स पर देखें तो मस्क की संपत्ति घटी ही है। है। उनकी नेटवर्थ 346 अरब डॉलर रह गई है। इस ताजा गिरावट के साथ साल 2025 में मस्क को हुआ नुकसान 86.7 अरब डॉलर तक बढ़ गया है।

### बदलने लगा है निवेशकों का मूड

मस्क की नेटवर्थ में गिरावट के पीछे उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के निवेशकों के सेटिंमेंट में बदलाव को भी माना जा सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो मस्क के राजनीतिक पार्टी के बनाने के ऐलान के बाद से कंपनी के इन्वेस्टर ये सोचने लगे हैं कि क्या पॉलिटिकल एंट्री के बाद मस्क अपने कारोबार पर उसी तरह फोकस कर पाएंगे। इस गड़बड़ाए सेंटिमेंट का सीधा असर टेस्ला के शेयरों पर भी देखने को मिला है और बीते कारोबारी दिन ये 7 फीसदी तक बिखर गए। पिछले छह महीने में टेस्ला स्टाक्स में करीब 26 फीसदी की गिरावट आ चुकी है

# मानसून मेहरबान... बड़ा तालाब हो रहा 'मालामाल'



## अब तक 11 इंच बारिश

भोपाल दोपहर मेट्रो।

राजधानी में मानसून की मेहरबानी से तेज बारिश के दौर ने रंगत बदल दी है। बीते दो दिन रुक-रुककर तो कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही है। बारिश की वजह से जलस्रोतों में भी पानी बढ़ गया है। बड़ा तालाब, कोलार, कलियासोत और केरवा में पानी की आवक जारी है। राजधानी में अब तक औसत साढे ग्यारह इंच बारिश हो चुकी है। चूंकि मौसम विभाग ने सीहोर में अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। जब सीहोर में तेज बारिश होने से कोलांस नदी उफान पर आएगी, जिससे बड़ा तालाब में पानी और बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में अब तक 3 इंच से ज्यादा पानी ज्यादा गिर चुका है। अब तक की औसत बारिश 8 इंच है, जबकि 11 इंच पानी गिरा है। आने वाले दिनों में तेज बारिश के आसार हैं।

# भागवत कथा में दिव्य रासलीला वर्णन, नृत्य करने लगे श्रद्धालु




**भोपाल।** रसधाम गार्डन, करोंद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत कथा स्थल भक्तिरस में डूबा रहा। महाराज के निज सचिव राजेश राय ने बताया कि वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक धर्मपथिक पूज्य शैलेन्द्र कृष्णमहाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला और मथुरा गमन का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण फूल से भी अधिक कोमल हैं, परंतु जब समय आता है तो वह पत्थर से भी कठोर हो जाते हैं। उन्होंने महारास को ईश्वर और जीव के मिलन की अद्भुत लीला बताते हुए कहा कि इसमें वही सम्मिलित हो सकता है, जो प्रेम की पराकाष्ठा को प्राप्त कर चुका हो।

### बोर्ड ऑफिस चौराहे के आसपास निर्माण बेहिसाब मगर अव्यवस्था व अनदेखी से हालात खराब

# बोर्ड ऑफिस चौराहे पर हॉकर्स मार्केट बना पार्किंग स्थल, दुकानदार भागे, आमजन हो रहे परेशान



भोपाल दोपहर मेट्रो

राजधानी के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक बोर्ड ऑफिस चौराहे पर नगर निगम द्वारा ठेला संचालकों (हॉकर्स) के लिए बनाए गए हॉकर्स मार्केट और राहगीरों के ठहरने के लिए बनाए गए शेड अब अपने मकसद से भटक चुके हैं। जहां कभी दुकानदारों की आवाजाही और आमजन को छाया देने वाला स्थान था, आज वहां वाहनों की अवैध पार्किंग ने कब्जा जमा लिया है। जिस बाजार को सड़क किनारे ठेले हटाकर व्यवस्थित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अर्से से सूना और उपेक्षित पड़ा है। हॉकर्स भी यहां बैठने से कतरा रहे हैं, क्योंकि न तो यहां पर्याप्त ग्राहक पहुंच रहे हैं और न ही सुविधाएं। इस कारण कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें तक बंद कर दी हैं।

इस इलाके से वास्ता रखने वालों का कहना है कि हाकर्स मार्केट को फिर से सक्रिय किया जाना चाहिये और शेड से अवैध पार्किंग हटाई जाना भी जरूरी है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम यहां नियमित निगरानी करें। आमजन के उपयोग के लिए बनाए गए ढांचे को उनके लिए ही सुरक्षित रखा जाए। साफ नजर आ रहा है कि यदि इस पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो यह परियोजना पूरी तरह विफल मानी जाएगी। जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के उद्देश्य से बनाए गए संसाधनों को इस तरह बर्बाद होते देखना विकास की योजनाओं पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह भी है।



### आंखें बंद करके बैठा प्रशासन

आम लोगों के बैठने और बारिश या धूप से बचने के लिए बनाए गए शेड को अब वाहन चालकों ने पार्किंग स्थल बना दिया है। स्कूटर, बाइक से लेकर कारें तक इस शेड के नीचे खड़ी रहती हैं, जिससे यहां बैठने की जगह ही नहीं बचती। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण यह समस्या बढ़ती जा रही है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। इससे न केवल नागरिकों को असुविधा हो रही है, बल्कि यह शहर की सौंदर्यीकरण योजनाओं पर भी सवाल खड़ा करता है।

## इधर जीजी फ्लाईओवर की कलई खुली, अब दुरुस्त करने की कोशिशें

इसी इलाके में एक और दिक्कत सड़क यातायात की बेतरतीबी और निर्माण में बरती लापरवाही भी मानी जा रही है। दो दिन पहले शाम को डॉ. अंबेडकर फ्लाईओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) 3 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इस वजह से हजारों लोग फंसे रहे।



पड़ताल में सामने आया कि गणेश मंदिर की तरफ कट पाइंट पर दो फीट तक पानी भर गया था। इस कारण गाड़ियां रेंगती रहीं। इस फजीहत के बाद मंगलवार को पीडब्ल्यूडी और नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचे। इसके बाद नालियां बनाई जाने लगी। हालांकि, जेसीबी की खुदाई से टेलीफोन लाइनें भी कट गईं। शाम तक नाली बनाने का काम चलता रहा। ट्रैफिक बाधित न हो, इसलिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। गौरतलब है कि यह फ्लाईओवर 154 करोड़ रुपए से बना है।यह मध्यप्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर है। इसकी वजह से एमपी नगर से गुजरने वाला ट्रैफिक 60 प्रतिशत तक कम हुआ है। जिन्हें होशंगाबाद रोड से अरेरा हिल्स, जेल पहाड़ी, वल्लभ भवन, सतपुड़ा, विंध्यांचल भवन की ओर आना-जाना हो तो उनके लिए ब्रिज काफी कारगार साबित हो रहा है। इसका लोकार्पण पांच महीने पहले ही हुआ है। इस फ्लाईओवर को बनाने में पीडब्ल्यूडी की बड़ी खामी नजर आई है। तीन में से दो मुहानों पर पानी भर रहा है। गर्वमेंट प्रेस की तरफ दो फीट तक पानी जमा हो जाता है। वहीं, गणेश मंदिर के सामने सड़क समतल नहीं है। इस वजह से पानी एक ही जगह पर रुक रहा है।

## झूलेलाल चालीहा साहिब मेले का शुभारंभ 16 से



**हिरदाराम नगर।** झूलेलाल चालीहा साहिब 43 वां मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे झूलेलाल मंदिर एच वार्ड, संत हिरदाराम नगर में होगा। आयोजक पुरुषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि मेल की शुरुआत साईं लख्मीगिरी साहिब और साईं बंटी गिरी साहिब के सानिध्य में पूज्य बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित करके की जाएगी। इस अवसर पर पूज्य बहिराणा साहिब, आरती, पल्लव और अखो के बाद छेज का आयोजन होगा और फिर प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत, बहिराणा साहिब की ज्योत शीतलदास की बगिया, कमला पार्क पर विसर्जित की जाएगी। यह विसर्जन देश की एकता, अखंडता, भाईचारे और खुशहाली के लिए भगवान झूलेलाल जी की आरती और पल्लव (प्रार्थना) के साथ होगा। यह चालीहा महोत्सव लगातार 40 दिन तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे पूज्य बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी और पूजा अर्चना होगी। रात्रि 8 बजे आरती, पल्लव और छेज के बाद भंडारा किया जाएगा, जिसके बाद प्रतिदिन बहिराणा साहिब की ज्योत शीतलदास की बगिया पर विसर्जित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी और रामेश्वर शर्मा होंगे। अध्यक्षता राजेश हिंगोरानी एमआईसी सदस्य करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि माधु चांदवानी, अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, दिनेश वाधवानी, अध्यक्ष झूलेलाल ट्रस्ट एवं हीरो हिंदू, हीरो फैंस क्लब होंगे।

### राहगीर हो रहे हैं परेशान

# शराब दुकानों के आसपास हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

भोपाल दोपहर मेट्रो

राजधानी में शराब दुकानों के आसपास के अतिक्रमण के खिलाफ को बड़ी कार्रवाई की गई। सात दुकानों के बाहर नगर निगम की टीमें पहुंची और ठेले, काउंटर-गुमटी जब्त की। यहीं पर दिनभर लोग बैठकर शराब भी पीते थे। इस कारण राहगीरों को परेशानी हो रही थी।

गौरतलब है कि कई दुकानें इस तरह की अव्यवस्था की वजह बन रही हैं और लोग शिकायत भी कर रहे हैं। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में निगम टीमों ने यह कार्रवाई की। न्यू मार्केट स्थित जीटीबी कॉम्पलेक्स, टीटी नगर स्टेडियम, पंचशील नगर और चूना भट्टी की शराब दुकानों के बाहर से ठेले, काउंटर, टेबल, स्टैंड, पानी पाउच, डिस्पोजल आदि सामान जब्त किया। स्टेट बैंक चौराहा ब्रिज के नीचे वाइन शॉप पर कार्रवाई करते हुए चार बोरी पानी के पाउच, डिस्पोजल और टेबल-कुर्सी जब्त किए। रायसेन रोड स्थित इंद्रपुरी वाइन शॉप के बाहर से ठेला, एक पान पार्लर एवं 7 टेबलें जब्त की गई। कोलार रोड स्थित सर्वधर्म शराब दुकान पर भी कार्रवाई हुई।अशोका गार्डन, एकतापुरी के नाले के पास अवैध रूप से पक्के निर्माण के लिए बनाया जा रहा फाउंडेशन भी निगम ने तोड़ दिया। जेसीबी की मदद से निर्माण तोड़ने की कार्रवाई हुई।



### ठेले, हॉकर्स हटवाए

न्यू मार्केट क्षेत्र के आउटर सर्कल में अतिक्रमण निरोधक कार्रवाई की गई। टीटी नगर थाने से रंगमहल और रौशनपुरा चौराहे तक सड़क किनारे लगे सभी हॉकर्स एवं ठेले हटवाए गए। इस दौरान सामान भी जब्त किया गया।

## हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक लिए जाएंगे

**भोपाल।** इस बार फिर हज-2026 की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आगामी हज यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। इच्छुक आवेदक 7 से 31 जुलाई 2025 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हज यात्रा के इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट https:// hajcommittee.gov.in और हज सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि आवेदन से पहले सभी आवेदकों को दिशा-निर्देश और वचनबद्धता का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना जरूरी है।

### प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए करेगी काम

# इन्गिमा की नई कार्यकारिणी गठित अंकेश अध्यक्ष, आयुष सचिव चुने गए

हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो

इंडियन नैचुरोपैथी एण्ड योग ग्रेजुएट्स मेडिकल एसोसिएशन (इन्गिमा) की मध्यप्रदेश शाखा को नई कार्यकारिणी मिल गई है। मंगलवार को संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंसेज में हुई बैठक में प्रो. (डॉ.) अंकेश सिंह को अध्यक्ष और डॉ. आयुष माहेश्वरी को सचिव चुना गया।

सेन्ट्रल इन्गिमा के कार्यकारी निदेशक डॉ. राजेश सिंह और कॉलेज निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी की अध्यक्षता में हुए इस चुनाव में, सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। उपाध्यक्ष, डॉ. सरस्वती टेवानी, डॉ. आकाश बिसोने, डॉ. वकील खान, डॉ. हिरदेश भारती, संयुक्त सचिव, डॉ. नेहा रघुवंशी, डॉ. अनुष्का कुशवाह, डॉ. मोहित पाटीदार, डॉ. नवदीप सक्सेना, कोषाध्यक्षः डॉ. जयदीप बिसेन, सह-कोषाध्यक्षः डॉ. प्रशांत सोनानिया, छात्र संयोजक डॉ. ज्योति केसवानी, सोशल मीडिया व जन संपर्क अधिकारीः डॉ. वैभव चौधरी सदस्य संयोजकः डॉ. अमित कुमावत चुने गए।



अध्यक्ष अंकेश सिंह ने कहा कि मप्र में प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर अभी भी काफी संभावनाएं हैं। उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में शासकीय और निजी स्तर पर नवाचार लाना, नए अनुसंधान केंद्र और वेलनेस सेंटर खोलना है। उनका लक्ष्य है कि हर नागरिक प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवनशैली अपना सके।

## ए.टी. शाहनी स्कूल के सामने सड़क बदहाल, छात्र परेशान

**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर के वार्ड पांच में स्थित ए.टी. शाहनी स्कूल के सामने की सड़क की बदहाली से छात्र और आम लोग खासे परेशान हैं। यह सड़क अब बड़े-बड़े गड्ढों से भर गई है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में ये गड्ढे पानी से लबालब भर जाते हैं, जिससे पैदल चलने वाली छात्राओं और वाहन चालकों को भारी दिक्कत होती है। छात्राओं के कपड़े खराब हो जाते हैं, वहीं फिसलने और दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है। अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्कूल प्रबंधन और स्थानीय निवासियों ने वार्ड नंबर 5 के पार्षद से तुरंत इस समस्या पर संज्ञान लेने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उन्हें उम्मीद है कि पार्षद महोदय जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाएंगे ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।



### मैट्रो एंकर — तीन दिन में तीसरा मामला

# स्टेशन के प्लेटफार्म पर बेखौफ दौड़ रहीं दुपहिया व कार !

भोपाल दोपहर मेट्रो

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर आजकल ट्रेनों के इंतजार के दौरान बाइक और कारें भी प्लेटफार्म पर दौड़ते देखने का 'मौका' यात्रियों को मिल रहा है। अब प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर एक रेलकर्मी कार लेकर ही पहुंच गया। उसने बीना एंड पर बने वीआईपी रास्ते का इस्तेमाल कर कार सीधे इंजीनियरिंग साइडिंग प्लेटफॉर्म तक पहुंचा दी। घटना का वीडियो कल सामने आया है। मगर खास बात यह है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में कार-बाइक ले जाने का तीन दिन में ये तीसरा मामला है। जबकि इस क्षेत्र को रेलवे के वीआईपी मूवमेंट और टेक्निकल स्टाफ के लिए सीमित किया गया है।




रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने ताजा मामले में कार जब्त कर युवक के खिलाफ रेल अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि यह एक गंभीर सुरक्षा उल्लंघन है, भले ही आरोपी रेलकर्मी ही क्यों न हो। बताया जाता है कि यह व्यक्ति स्टेशन की लॉबी में कार्यरत गार्ड बताया जा रहा है। वह वीआईपी रास्ते का इस्तेमाल कर कार लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र में आया था। वीडियो में सफेद रंग की कार नजर आ रही है।

प्लेटफॉर्म नंबर पर यह रास्ता आमतौर पर वीआईपी मूवमेंट, रेलवे अधिकारियों या लॉबी स्टाफ के लिए प्रयोग में लाया जाता है। यहां कोई स्थायी बैरियर या सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं है। आरपीएफ ने यह स्पष्ट किया है कि रेलवे अब सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करेगा। चाहे आम नागरिक हो या रेलवे का कर्मचारी, प्लेटफॉर्म क्षेत्र में बिना अनुमति वाहन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### मप्र कांग्रेस ने किया सत्याग्रह तो दिल्ली में हाईकमान से मिले सीएम व खंडेलवाल

# भाजपा की नई टीम के लिए दिल्ली तक चली मशक्कत, कांग्रेस ने अशोकनगर में लगाया दम



भोपाल दोपहर मेट्रो।

**मप्र भाजपा की नयी और आंतरिक जमावट की कवायद शुरू हो गई है । नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को साथ लेकर सीएम मोहन यादव ने दिल्ली में मंगलवार को कई नेताओं से मुलाकात की है। यादव ने प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के साथ केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों और नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की इसके बाद वे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा के निवास पर पहुंचे। यादव और हेमंत खंडेलवाल ने उनसे करीब आधां घंटे चर्चा की। माना जा रहा है कि इस चर्चा का मसकद खंडेलवाल की नई टीम की बनावट था। खंडेलवाल ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार भी जताया।**

माना जा रहा है कि अब नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एक महीने के भीतर अपनी टीम बना लेंगे। दिल्ली दौरे के वक्त प्रदेश कार्यकारिणी, मोर्चों और विभागों के पुर्नगठन को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी हुई है। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा द्वारा बनाई गई टीम को 5 साल का वक्त हो चुका है।

हालाकि वीडी शर्मा ने कोरोना संकट के दौरान 15 फरवरी 2020 को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ली थी तथा अध्यक्ष बनने के बाद सितंबर में उन्होंने सिर्फ 5 प्रदेश महामंत्रियों की नियुक्ति की। इसके बाद जनवरी 2021 में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया था। उनमें भी कई पुराने चेहरे थे लेकिन अब माना जा रहा है कि खंडेलवाल की कार्यकारिणी में कुछ नये और अनपेक्षित चेहरे सामने आ सकते हैं।

## कांग्रेस ने खोला मोर्चा, दी गिरफ्तारी



दिल्ली में जब सीएम व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मेल मुलाकातों में व्यस्त थे तो मप्र के अशोकनगर ?जिले में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेताओं का प्रदर्शन सभा जारी थी। कांग्रेस ने इसे ऐतिहासिक आयोजन करार दिया है। यह आंदोलन प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज झूठी और दुर्भावनापूर्ण एफआईआर के विरोध में किया गया। इस सत्याग्रह ने प्रदेशभर से कांग्रेसजनों, किसानों, आदिवासियों, मजदूरों और युवाओं ने भागीदारी की। पार्टी के सांसद विधायक भी मौजूद रहे। सभी ने पटवारी के साथ गिरफ्तारी दी। पटवारी स्वयं ट्रैक्टर चलाकर सभा स्थल पर पहुंचे और किसानों, श्रमिकों और आम जनता के साथ एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कमलेश्वर पटेल,अशोक सिंह, डा.गोविन्द सिंह जयवर्धन सिंह आदि मौजूद रहे। सभा में चौधरी ने कहा कि जहां कोई भी अन्याय का शिकार होगा, कांग्रेस उसकी ढाल बनकर खड़ी होगी। पटवारी ने कहा कि चाहे 100 एफआइ्रईआर कर दो, कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई मेरे ऊपर दर्ज रिपोर्ट की नहीं, बल्कि दलितों, आदिवासियों, गरीबों और वंचितों के सम्मान और न्याय की है। दिग्विजय सिंह ने कहा- भाजपा सरकार प्रशासन को अपनी शाखा बनाकर चलाना चाहती है।

# मनरेगा में होगा ड्रोन का उपयोग, परिजनों को आर्थिक मदद

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने दी सहमति

दोहपर मेट्रो, भोपाल।



मनरेगा परिषद के तहत प्रदेश भर में काम करने वाले संविदा कर्मियों के साथ कोई दुर्घटना होती है या उनका आकस्मिक निधन होता तो ऐसी स्थिति में उनके परिजनों को आर्थिक मदद मिलेगी। इसके निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने दिए हैं। इस आर्थिक मदद में पात्रता की कुछ शर्तें होंगी।, उन शर्तों का पालन करना होगा, जैसे दुर्घटना में घायल या दुर्भाग्य से होने वाली मौतों के मामलों को तभी मान्य किया जाएगा, जब संबंधित कर्मचारी सेवा पर रहे हो। इसके अलावा भी कई शर्तें रहेंगी। इसके अलावा मनरेगा में कामों की स्थिति का सटीक आंकलन करने, पारदर्शिता लाने और कामों में तेजी लाने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जाएगा।

असल में मंत्री पटेल व राज्य मंत्री राधा सिंह सोमवार को राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की बैठक ले रहे थे। मंत्री व राज्य मंत्री राधा सिंह ने मनरेगा योजना के तहत पदस्थ अमले के लिए विभिन्न प्रकार का बीमा लाभ, वित्तीय एवं प्रशासकीय अधिकारों का प्रत्यायोजन, जीआरएस के रिक्त पदों की पूर्ति, संविदा अधिकारी-कर्मचारी और जीआरएस की विदेश यात्रा संबंधित प्रकरणों आदि विषयों की समीक्षा की।

मंत्री पटेल ने कहा कि मां की बगिया योजना प्रदेश में 15 अगस्त से शुरू होगी। इसके तहत वैज्ञानिक तकनीकों से पौधे लगाकर उनका संरक्षण किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन में महत्वपूर्ण कारक बनेगी। 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चिन्हित शासकीय भूमि पर एवं 15 अगस्त से 15 सितंबर पर निजी भूमि पर सघन पौधरोपण किया जाएगा।

### गौशालाओं के लिए स्टार्टअप की मदद लें

**मंत्री ने कहा कि गौशालाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं (एनजीओ) स्टार्टअप को बढ़ावा देकर उनकी मदद लें। विभिन्न योजनाओं के तहत बनने वाली सड़कों की मरम्मत करने के लिए समय-सीमा तय करें।**

### चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, और व्यावहारिक प्रशिक्षण

# आरएनटीयू व कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च संस्थान के बीच एमओयू



दोहपर मेट्रो, भोपाल

राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) और जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च संस्थान के मध्य एक महत्वपूर्ण सहयोग ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, और व्यावहारिक प्रशिक्षण के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करना है। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल की ओर से ओमप्रकाश पंथी, निदेशक (वित्त) और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान श्री नागेश सोनी, प्रशासक, पैरामेडिकल, डॉ. सी.पी. मिश्रा, डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज़, डॉ. दुर्गा पांडे, प्राचार्य, फार्मेसी विभाग, डॉ. डेसी थॉमस, प्राचार्य, नर्सिंग विभाग एवं डॉ. अविनाश सिंह एचओडी, पैरामेडिकल विभाग उपस्थित रहे। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से चिकित्सीय अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एक्सचेंज कार्यक्रम, सेमिनार, वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेंगे, जिससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने दोनों संस्थानों को बधाई देते हुए इस पहल को भविष्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई दिशा और आयाम देने वाला कदम बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी छात्रों और शोधार्थियों के लिए अनेक अवसरों के द्वार खोलेगी।

# स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए कल तक पंजीयन का मौका

### विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी

दोहपर मेट्रो, भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में, महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि की है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर (पीजी) सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश अंतर्गत सीएलसी चरण के लिए अद्यतन समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में एवं मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 7 से 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 7 से 11 जुलाई तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले



विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि 16 से 17 जुलाई तक होगी।

### विद्यार्थियों को 21 जुलाई को होगा सीट आवंटन

विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 21 जुलाई को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 से 25 जुलाई तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की दशा में प्रवेश नहीं माना जाएगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बिन्दुओं पर टास्क फोर्स की बैठक में हुई चर्चा

# शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए विश्वसनीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था जरूरी: स्कूल शिक्षा मंत्री

दोहपर मेट्रो, भोपाल


स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में?मंत्रालय में नई शिक्षा नीति 2020 की टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध प्राईवेट स्कूलों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिये विश्वसनीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था होना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप आधुनिक कृषि के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों को कृषि संकाय को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है। उन स्कूलों में, जिनके पास दो एकड़ से अधिक भूमि है, वहां प्राथमिकता के साथ कृषि संकाय शुरू किये जा



सकते है। मंत्री सिंह ने शिक्षकों की आकस्मिक मृत्यु पर परिजन को नौकरी देने की व्यवस्था में सुधार के लिए उपयुक्त सुझाव देने के लिए कहा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के मूल्यांकन के लिए शिक्षाविदो के साथ आगामी 29 जुलाई को बैठक भी की जाए। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा 2020 की घोषणा की थी।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पढ़ाई की तैयारी करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता है। यह काम पायलट प्रॉजेक्ट के तौर पर अलीराजपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर और उज्जैन जिले में शुरू किये जाएं। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के पढ़ाने से बच्चे सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा के पूर्व कक्षाओं में पढ़ाई के लिये तैयार होकर जाएंगे। उन्होंने राज्य शैक्षणिक अनुसंधान केन्द्र (एससीईआरटी) को मजबूत किये जाने के लिए संचालक की अध्यक्षता में कमेटी गठन करने के निर्देश दिए।






**मेट्रो एंकर** — सुरक्षा का जोखिम भी कम होगा

# पेशी के लिए जेल में 16 नए कांफ्रेंसिंग रूम

दोहपर मेट्रो, भोपाल

राजधानी स्थित सेंट्रल जेल को और अधिक हाईटेक करने की कवायद तेज है। अब तक यहां केवल 11 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम होते थे। जिसके माध्यम से आतंकियों और हाईप्रोफाइल कैदियों की ही पेशी करा पाना जेल प्रशासन के लिए संभव होता था। लेकिन अब जरूरतों के हिसाब से यहां 16 नए वीसी रूम का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इसके लिए मुख्यालय से बजट पास कर दिया गया है। इसका उद्देश्य कैदियों को अदालत में पेशी के लिए जेल से बाहर ले जाने की आवश्यकता को कम करना है, और सुरक्षा, दक्षता में सुधार करना है।




दरअसल, वीसी से पेशी कराने पर सुरक्षा जोखिम कम होता है। वीसी के माध्यम से, कैदी अपने परिवार और दोस्तों से भी आसानी से मिल सकते हैं, माना जाता है कि इससे उनके मानसिक सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। वीसी अदालती कार्यवाही और अन्य जेल गतिविधियों को अधिक कुशल बना सकता है। वीसी के उपयोग से यात्रा और सुरक्षा लागतों को कम किया जाने में भी फायदा मिलेगा। अफसरों का कहना है कि यह कदम कैदियों को उनके परिवार से जोड़े रखने और उन्हें सामाजिक रूप से जुड़े रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे जेलों में मुलाकातों की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी, जिससे कैदियों और उनके परिजनों दोनों को सुविधा होगी। वीसी रूम के माध्यम से, कैदियों को अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने की आवश्यकता कम होती है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जेल में 12 नई हाई सिक्योरिटी सेल का निर्माण कराया गया है। जिसके लिए 1.20 करोड़ का बजट पारित हुआ था। करीब दो साल में यह हाई सिक्योरिटी सेल बनकर तैयार हुई हैं। जल्द ही इनमें कुख्यात आतंकियों को शिफ्ट किया जाएगा। अभी क्षमता से ज्यादा कैदी यहां हैं।

## संपादकीय

# प्रदूषण का कारण सिर्फ एक नहीं

प्रदूषण की समस्या जिस स्तर पर गहराती गई है, उसमें इस पर काबू पाने के लिए किए जाने वाले उपायों से शायद ही किसी को असहमति होगी। मगर विडंबना यह है कि कई बार किसी समस्या से पार पाने के लिए जिन उपायों का सहारा लिया जाता है, उसकी व्यावहारिकता कठघरे में होती है। ताजा मामला दिल्ली का है लेकिन अन्य महानगर भी इससे अछूते नहीं हैं। यूं तो दिल्ली में हर अगले साल प्रदूषण के गहराते संकट के सबसे बड़े कारणों में एक वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को माना गया और इस आधार पर पिछले कुछ वर्षों से सम-विषम जैसे नियम लागू कर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। इसके अलावा, पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने को लेकर नियम-कायदे बनाए गए। हालांकि इसके अपेक्षित नतीजे को लेकर हमेशा संशय रहा। गौरतलब है कि दिल्ली में कुछ दिन पहले यह घोषणा की गई कि पंद्रह वर्ष पुराने पेट्रोल और दस वर्ष पुराने डीजल वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। साथ ही पेट्रोल पंप पर पुरानी गाड़ियों को जब्त किया जा रहा था। जाहिर है, एक साथ बड़ी तादाद में वाहनों के सड़कों से हटाने की नौबत आने पर आम लोगों के बीच व्यापक पैमाने पर आक्रोश का भाव पैदा हुआ और सरकार के इस फैसले पर सवाल उठे कि क्या अकेले इस उपाय से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को खत्म किया जा सकता है। इससे बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका भी प्रभावित हो सकती है। शायद सरकार के पास इसका कोई ठोस जवाब नहीं है और ठोस विकल्प भी नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पत्र लिख कर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणाली के कारण तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है। यानी फिलहाल पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने की कवायद थमती दिख रही है। हालांकि इसे लेकर आम लोगों के बीच जैसी प्रतिक्रिया सामने आई, उसके बाद यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर सरकार क्या रुख अपनाती है। माना जाता है कि तकनीकी रूप से पुराने, अधिक ईंधन खपत करने और खराब रखरखाव वाले वाहनों से प्रदूषण ज्यादा फैलता है और ऐसी स्थिति में ऐसे वाहन पर्यावरण और लोगों की सेहत के लिए जोखिम भरे हो सकते हैं। मगर ऐसे सवाल भी उठते रहे हैं कि प्रदूषण फैलाने के लिए किसी वाहन की उम्र को पैमाना माना जाना चाहिए या फिर प्रदूषित पदार्थ उत्सर्जित करने की जांच के आधार पर वाहन के दुरुस्त होने के बारे में तय किया जाएगा। अगर कोई पुराना वाहन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित है, तो उसकी उम्र को ही अकेला मानदंड क्यों बनाया जाना चाहिए? जहां तक दिल्ली का सवाल है, यह न केवल अन्य राज्यों के कुछ शहरों को मिलाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, बल्कि दिल्ली के अलावा अन्य शहरों में पुराने वाहनों को लेकर अलग नियम हैं। दिल्ली में आसपास के राज्यों से हर रोज ऐसे हजारों वाहन आते-जाते हैं, जो पुराने हो सकते हैं, हालांकि उन्हें दूसरे राज्यों में प्रदूषण जांच के पैमाने पर दुरुस्त माना जाता है। निश्चित रूप से प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। मगर इससे निपटने के तौर-तरीकों में अगर विरोधाभास होगा तो उसकी व्यावहारिकता कसौटी पर रहेगी आनन फानन निर्णयों से बात बनेगी नहीं,बल्कि बार बार यू टर्न लेने से और दिक्कतें ही बढेंगी।

# पुरुष आयोग की मांग: संतुलित समाज निर्माण में हो सहायक

■ डॉ. सुधीर कुमार

जब हम लैंगिक समानता की बात करते हैं, तो अक्सर महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण पर ज़ोर दिया जाता है, जो कि बिल्कुल सही और आवश्यक भी है। लेकिन, इस चर्चा में एक महत्वपूर्ण पहलू अक्सर छूट जाता है- पुरुषों के अधिकार और उन्हें न्याय दिलाने की आवश्यकता। अब हमारे समाज में पुरुषों के अधिकारों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर भी खुलकर बात होने लगी है। इसी कड़ी में एक पुरुष आयोग बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। पुरुषों का तर्क है कि उनके लिए भी एक ऐसी संस्था होनी चाहिए जो उनकी समस्याओं को सुने और उनका समाधान करे। यह लैंगिक समानता की दिशा में एक कदम है। समाज में लिंग-आधारित रूढ़िवादिता के कारण, पुरुषों को अपनी पीड़ा व्यक्त करने में हिचकिचाहट होती है, जिससे उनकी समस्याएं अक्सर अनसुनी रह जाती हैं।लंबे समय से, घरेलू हिंसा और प्रेम संबंधों में होने वाली क्रूरता को अक्सर महिलाओं से जोड़कर देखा जाता रहा है, जो कि बिल्कुल सही भी है। महिलाएं इन अपराधों का शिकार होती हैं। लेकिन, सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि पुरुष भी इन अपराधों के शिकार हो रहे हैं। कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां प्रेम संबंधों में अनबन या अन्य कारणों से पतियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इन घटनाओं में, पुरुषों को न केवल शारीरिक हिंसा का शिकार होना पड़ता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी उन्हें काफी प्रताड़ना झेलनी पड़ती है, और उनके पास मदद या शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई खास मंच नहीं है।

झूठे आरोप भी एक गंभीर समस्या है जिससे पुरुष जूझते हैं। दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न या अन्य अपराधों के झूठे आरोप पुरुषों के जीवन को पूरी तरह से तबाह कर सकते हैं, भले ही वे बाद में निर्दोष साबित हो जाएं। यह उनके करिअर, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। वर्तमान कानूनी ढांचे में,



ऐसे मामलों में पुरुषों को खुद को निर्दोष साबित करने के लिए अक्सर लंबा और जटिल संघर्ष करना पड़ता है, और उनके लिए कोई विशेष सहायता प्रणाली नहीं है।इसके अलावा, दहेज उत्पीड़न या बलात्कार जैसे कानूनों का कई बार दुरुपयोग होता है, जिसके चलते कई निर्दोष पुरुषों को झूठे मामलों में फंसा दिया जाता है। पारिवारिक विवादों, जैसे तलाक या बच्चों की कस्टडी के मामलों में भी, अक्सर पुरुषों को अलग-थलग महसूस कराया जाता है और उनके पक्ष को कई बार उचित महत्व नहीं मिलता। मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ा मुद्दा है ; समाज का दबाव पुरुषों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से रोकता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में उन्हें न्याय पाने और अपनी बेगुनाही साबित करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह उनके करियर, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। यही कारण है कि आत्महत्या के मामलों में भी पुरुषों की संख्या अक्सर अधिक पाई जाती है, जो उनके अंदरूनी संघर्षों को दर्शाती है।

ऐसे मामलों में अक्सर पुरुषों के प्रति समाज की प्रतिक्रिया उतनी संवेदनशील नहीं होती जितनी महिलाओं के प्रति होती है। 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी धारणाएं और सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपनी पीड़ा व्यक्त करने से रोकती है। उन्हें डर होता है कि उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, उन्हें डर होता है कि समाज उनका उपहास करेगा या उन्हें कमजोर समझेगा। इसी वजह से कई बार वे अपनी समस्याओं को छिपाते रहते हैं, जो अंततः गंभीर परिणामों का कारण बनता है। भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, चाहे वे पुरुष हों या महिला। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की बात करता है और अनुच्छेद 15 धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को रोकता है। हालांकि, अनुच्छेद 15 (3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की छूट देता है, ताकि समाज में उनकी स्थिति सुधर सके। इसी आधार पर महिला आयोग और महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बनाए गए हैं।

लेकिन क्या वास्तव में एक अलग पुरुष आयोग की आवश्यकता है? कुछ लोगों का मानना है कि मौजूदा कानूनी ढांचे में ही पुरुषों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, और लिंग-विशिष्ट आयोग बनाने से समाज में और अधिक विभाजन पैदा हो सकता है। हालांकि, यह भी सच है कि पुरुषों की कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। निस्संदेह, यदि एक पुरुष आयोग बनता है, तो यह केवल पुरुषों के लिए ही नहीं, बल्कि एक संतुलित समाज के निर्माण में भी सहायक हो सकता है। यह आयोग पुरुषों को जागरूक कर सकता है कि वे अपनी समस्याओं को कैसे उठाएं और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएं। यह लैंगिक समानता में सहायक होगा। उनका तर्क है कि पुरुष आयोग बनाना समानता के सिद्धांत के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि पुरुषों को भी उनके अधिकारों से वंचित न किया जाए। यह एक ऐसी संस्था होगी जो पुरुषों से संबंधित डेटा एकत्र करेगी, उनकी शिकायतों को सुनेगी, और सरकार को उनके कल्याण के लिए सुझाव देगी।

हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां कोई भी व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, न्याय और गरिमा से वंचित न हो। यह समय है जब हम सभी लिंगों के सामने आने वाली जटिलताओं को पहचानें और एक ऐसा कानूनी और सामाजिक ढांचा तैयार करें जो सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायपूर्ण हो। पुरुष आयोग की उठती आवाज़ इसी दिशा में एक चिंतन का विषय है, जिस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1789 - फ्रांसीसी क्रांति के कारण नेशनल असेंबली ने अपना नाम बदलकर नेशनल कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली रख लिया।
- 1790 - स्वेन्सकसुंड की दूसरी लड़ाई बाल्टिक सागर में हुई जिसमें स्वीडिश नौसेना ने रूसी बेड़े के एक तिहाई हिस्से पर कब्जा कर लिया।
- 1800 - माउंट वर्नोन गार्डन अमेरिका में पहले ग्रीष्मकालीन थिएटर का स्थल बना
- 1807 - फ्रांस, रूस और प्रशिया द्वारा टिलसिट की दूसरी संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1810 - हॉलैंड राज्य को नेपोलियन द्वारा प्रथम फ्रांसीसी साम्राज्य के एक भाग के रूप में मिला लिया गया।
- 1815 - चार्ल्स मौरिस डी टैलीरैंड-पेरीगोर्ड ने फ्रांस के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- 1816 - टुकुमान कांग्रेस में अर्जेंटीना ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की ।
- 1856 - सर्बियाई अमेरिकी आविष्कारक और शोधकर्ता निकोला टेस्ला का जन्म आज या अगले दिन क्रोएशिया के स्मिलजान में हुआ था। उन्होंने घूर्णनशील चुंबकीय क्षेत्र और अधिकांश प्रत्यावर्ती धारा मशीनरी के आधार की खोज की।
- 868 - दक्षिण कैरोलिना में प्रथम अफ्रीकी अमेरिकी कैबिनेट सदस्य, फ्रांसिस एल कार्डोज़ो राज्य सचिव बने
- 1868 - लुइसियाना और साउथ कैरोलिना ऐसे अंतिम राज्य थे जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 14वें संशोधन को मंजूरी दी, जिसमें नागरिक अधिकारों की गारंटी दी गई।
- 1877 - पहली विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप शुरू हुई - पहला आधिकारिक लॉन टेनिस टूर्नामेंट - केवल पुरुष एकल
- 1878 - हेनरी टिब्बे एक अमेरिकी आविष्कारक ने एक उन्नत कॉर्नकोब पाइप डिजाइन का पेटेंट कराया।
- 1900 - ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स द्वारा ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रमंडल स्थापित किया गया।
- 1911 - परमाणु बम के सैद्धांतिक विकास में शामिल पहले अमेरिकी भौतिक विज्ञानी और ब्लैक होल शब्द के प्रवर्तक जॉन आर्चीबाल्ड व्हीलर का जन्म हुआ।
- 1916 - अटलांटिक पार करने वाली पहली मालवाहक पनडुब्बी जर्मनी से अमेरिका पहुंची।
- 1947 - स्पेन ने फ्रेंको राजशाही के लिए मतदान किया
- 953 - पहली हेलीकॉप्टर यात्री सेवा (न्यूयॉर्क सिटी)
- 1955 - ई. फ्रेडरिक मोरो अमेरिकी व्हाइट हाउस स्टाफ के पहले अफ्रीकी अमेरिकी कार्यकारी बने
- 1955 - बेल्जियम में 5 दिन के कार्य सप्ताह के लिए हड़ताल
- 1957 - तत्व 102 (नोबेलियम) की खोज की घोषणा की गई
- 1960 - अमेरिकी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियों की श्रेणी में पहली थ्रेशर को लॉन्च किया गया। 1963 में, यह इतिहास की सबसे खराब पनडुब्बी दुर्घटना में डूब गई।
- 1972 - यूएसएसआर द्वारा भूमिगत परमाणु परीक्षण किया गया ।
- 1972 - प्रोविजनल आईआरए और ब्रिटिश सेना के बीच युद्ध विराम समाप्त हुआ।
- 1975 - सेनेगल की नेशनल असेंबली ने एक कानून पारित किया जिसने बहुदलीय प्रणाली का मार्ग प्रशस्त किया।
- 1979 - वॉयजर 2 बृहस्पति के पास से गुजरा
- 1984 - स्वीडन की यवोन राइडिंग को 33वीं मिस यूनिवर्स का ताज पहनाया गया।
- 986 - न्यूज़ीलैंड की संसद ने समलैंगिक कानून सुधार विधेयक पारित किया, जिसके तहत 16 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के बीच सहमति से यौन संबंध को वैध बनाया गया।
- 1991 - ए लिटिल नाइट म्यूज़िक न्यूयॉर्क स्टेट थिएटर हङ्कष्ट में 7 प्रदर्शनों के लिए शुरू हुआ
- 1991 - दक्षिण अफ्रीका को पुनः ओलंपिक में शामिल किया गया
- 1992 - अंतरिक्ष शटल एसटीएस 50 (कोलंबिया 13) उतरा
- 2002 - अदीस अडाबा, इथियोपिया में, अफ्रीकी संघ की स्थापना की, इसके पहले अध्यक्ष द. अफ्रीका के राष्ट्रपति थाबो थे।
- 2011 - दक्षिण सूडान को स्वतंत्रता प्राप्त हुई और वह सूडान से अलग हो गया।
- 2017 - सीईओ एलन मस्क टेस्ला की पहली मास-मार्केट इलेक्ट्रिक कार - मॉडल 3 के पहले मालिक बने।
- 2018 - वैज्ञानिकों के अनुसार, चमकीला गुलाबी रंग दुनिया का सबसे पुराना जैविक रंग है। इसे मॉरिटानिया के ताउडेनी बेसिन से 1.1 बिलियन वर्ष पुरानी समुद्री शेल चट्टान में छोटे साइनोबैक्टीरिया द्वारा निर्मित किया गया था।

## लिंगानुपात की भयावह तस्वीर

# क्या बिगड़ गया है सामाजिक ताना-बाना?

■ विनोद पाठक

पिछले दिनों राजस्थान से एक ऐसी खबर आई, जिसके विषय को लेकर हम सब चिंता तो बहुत करते हैं, लेकिन हालात सुधारने हैं, इस पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। दरअसल, राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने निर्वासित, उत्पीड़ित और उपेक्षित 11 युवतियों के विवाह के लिए प्रदेशभर के युवकों से आवेदन मांगे थे। आश्चर्यजनक बात यह है कि 1900 से अधिक युवकों के आवेदन सरकार को प्राप्त हुए। हालांकि, राजस्थान सरकार ने 11 वरों का चयन बिल्कुल वैसे ही किया, जैसे एक माता-पिता अपनी बेटी के लिए वर ढूंढते हैं, लेकिन सोचनीय विषय यह है कि इतने अधिक आवेदन आना कहीं न कहीं देश में लिंगानुपात की भयावह तस्वीर को पेश कर रहा है। क्या वाकई अब स्थितियां हाथ से निकल गई हैं? क्या सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है? वर्तमान में हमारे पास वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि देश में प्रति हजार पुरुषों पर 943 स्त्रियां हैं। आधुनिक अनुमानों के अनुसार ग्रामीण भारत में प्रति हजार पुरुष 949 और शहरी भारत में प्रति हजार पुरुष 929 स्त्रियां हैं। अगले साल यानी 2026 में जनगणना होने जा रही है, जिसके बाद वर्तमान की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।



एक अनुमान यह भी है कि लिंगानुपात के असंतुलन के कारण देश में बड़ी संख्या में पुरुष अविवाहित रह जाते हैं। यह समस्या हाल-फिलहाल की नहीं, बल्कि कई दशकों से चली आ रही है। हालांकि, इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिनके चलते बड़ी संख्या में पुरुषों को विवाह के लिए युवतियां नहीं मिल पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की वर्ष 2020 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2055 तक 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में लगभग 10 प्रतिशत तक सिंगल फॉर लाइफ होने की संभावना है। इसके सामाजिक और आर्थिक कारणों पर नजर डालें तो पाएंगे कि जिन पुरुषों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है या जिनके पास रोजगार या संपत्ति नहीं है, उनका विवाह होना बेहद कठिन हो जाता है। ऐसे पुरुषों को लड़की वाले कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण ठुकरा रहे हैं। दूसरा, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में युवा निकल रहे हैं। वो या तो निर्माण मजदूर हैं, ड्राइवर हैं या अस्थाई जीवन जी रहे हैं, इसके कारण भी उनका विवाह नहीं हो पा रहा है।

समाजशास्त्रियों का कहना है कि भारत अब उस सामाजिक संक्रमण के दौर में है, जहां पारंपरिक विवाह प्रणाली और आधुनिक जीवनशैली के बीच टकराव पैदा हो रहा है। युवा शादी के लिए परिवार की सहमति और जाति की मर्यादा चाहते हैं, लेकिन निजी पसंद और आत्मनिर्भरता को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। आज विवाह केवल उम्र या लिंग पर आधारित नहीं, बल्कि आर्थिक स्थातित्व, शैक्षणिक योग्यता और सामाजिक छवि भी महत्वपूर्ण हो गई है। यही कारण है कि बड़े पैमाने पर अविवाहित रह गए युवकों में मानसिक अवसाद, नशे की प्रवृत्ति, सामाजिक गड़बड़ी और अपराधों का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि केवल पुरुष अविवाहित रह जाते हैं, बल्कि महिलाओं में भी अविवाहित रहने के आंकड़े बढ़ रहे हैं। इसका विशेष कारण लड़कियों की उच्च शिक्षा, नौकरी और करियर पर ध्यान देना है। बहुत सी महिलाएं शादी को विकल्प की तरह दिखती हैं, न की सामाजिक अनिवार्यता के रूप में। युवतियों के अविवाहित रहने पर समाजशास्त्रियों का कहना है कि भारत में स्वैच्छिक विवाह और परिस्थितिजन्य विवाह, दोनों बढ़ रहे हैं। महिलाएं पहले से अधिक स्वतंत्र हैं, लेकिन सामाजिक ढांचे में बदलाव धीरे-धीरे हो रहा है। यह बदलाव भारतीय परिवार व्यवस्था के लिए एक बड़ा मनोवैज्ञानिक झटका है। अब भी बहुत से माता-पिता अपनी बेटियों की शादी को प्रतिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी मानते हैं। जब बेटियां शादी में रुचि नहीं लेतीं तो परिवार में तनाव का कारण बनता है।

वैसे, अविवाहित महिलाएं आत्मनिर्भर तो हैं, लेकिन वृद्धावस्था, सामाजिक समर्थन और अकेलेपन के संदर्भ में उन्हें भविष्य को लेकर अधिक तैयारी करनी होती है। भारत जैसे देश में जहां सामाजिक सुरक्षा प्रणाली कमजोर है, वहां यह चिंता वास्तविक है। विवाह जैसी संस्था को लेकर यदि भारतीय समाज को देखा जाए तो आज हम एक चौराहे पर खड़े हैं, जहां एक ओर आधुनिकता और स्वतंत्रता है तो दूसरी ओर परंपरा और सामाजिक अपेक्षाएं। यह बदलाव केवल संख्याओं का नहीं, बल्कि पूरे सामाजिक मूल्यतंत्र का पुनर्गठन है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **कुत्सित विचारों से मनुष्य नीच बनता है और उच्च विचारों से वह उच्चता को प्राप्त होता है ।**
>
> **- गोपीकान्त**

## निशाना

### मैदान दिया उतार !



-कृष्णेन्द्र राय

है सियासी मायने ।
मैदान दिया उतार ।।
चढ़ा राजनीतक पारा ।
और कई कतार ।।
लाभ लेने खातिर ।
जोर है लगाया ।।
कर देना वो चुकता ।
जो है अभी बकाया ।।
गुणा गणित करके ।
कर लिया तैयार ।।
टिक जाएंगे लंबा ?
या होंगे फरार ।।
उठापटक तो चल रही ।
मौके की तलाश ।।
होड़ न होगी खत्म ।
बने रहना खास़ ।।

# स्टॉप डायरिया दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 से, जिले के 144209 बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग होगी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के साथ साथ नर्मदापुरम जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक संचालित किया जायेगा। अभियान की शुक्रवार को जिला प्रशिक्षण केन्द्र में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। सीएमएचओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उददेश्य बाल एवं शिशु मृत्यू दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम एवं 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना प्रमुख है। एम्स भोपाल से आये कन्सलटेंट मनोज चौहान ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि नर्मदापुरम जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 144209 बच्चों की दस्तक दल द्वारा 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक आँगनवाड़ी केन्द्रों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन स्वास्थ्य स्कीनिंग की जायेगी। जिसके तहत बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों जैसे




दस्त, निमोनिया, एनीमिया एवं कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित कर संस्था में प्रबंधन किया जायेगा।

अति गंभीर कुपोषित बच्चों का उच्च संस्था में रिफर किया जायेगा। दस्तक दल जिसमें एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल है के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का एमयूएसी टेप से नाप, वजन, स्टेरियोमीटर, हीमोग्लोबिन मीटर, पल्स ऑक्सीमीटर इत्यादि से परीक्षण किया जायेगा एवं दल द्वारा आयु अनुसार विटामिन ए आयरन सीरप की खुराक दी जायेगी। दस्त रोग से बचाव हेतु जिंक की गोली एवं ओआरएस का वितरण तथा निमोनिया से बचाव हेतु एमोक्सिसलीन की गोली प्रदाय की जायेगी।

यह अभियान 45 दिन चलेगा जिसमें छूटे हुये बच्चों का मॉप अप दिवस में स्वास्थ्य सेवाये दस्तक दल द्वारा प्रदान की जायेगी. सीएचओ द्वारा छूटे हुये हितग्राहियों का पर्यवेक्षण किया जायेगा साथ ही लाइनलिस्ट तैयार की जायेगी। आशा एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर दस्तक अभियान से संबंधित नारे लेखन करवाकर ग्राम में प्रचार प्रसार किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यशाला में डीपीएम कविता भोई, सीबीएमओ डॉ आर एस मीना. डॉ रेखा गौर, डॉ. अक्षय रघुवशी, सुनील साहू एमपीडब्ल्यू मीडिया शाखा,एमएंडई अनुष्का मालवीय, विकासखंडों से मेडिकल ऑफीसर, बीपीएम, बीसीएम, डाटा कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न, कलेक्टर ने मूंग उपार्जन एवं उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा की

# उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को मूंग उपार्जन की समीक्षा बैठक आयोजित कर जिले में संचालित खरीदी केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि वर्तमान वर्षा की स्थिति एवं आगामी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर हम्मालों की सक्रियता बढ़ाई जाए ताकि उपज की तुलाई में में किसी भी प्रकार से अवरोधित न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के दौरान सभी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जाए तथा समितियों को उपार्जन नीति एवं अन्य निर्देशों से अद्यतन रखा जाए।

उन्होंने यह भी भी निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन आदि आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में संग्रहित रखी जाएं। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उपार्जन



केंद्रों तक बारदाने की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि, डीआरसीएस एवं जिला विपणन अधिकारी को वीसी के माध्यम से सर्वेयर्स की समीक्षा करने तथा उन्हें उपार्जन प्रक्रिया के लिए और अधिक प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। पूर्व वर्षों में भंडारित मूंग उपार्जन केंद्रों के वेयरहाउस की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए की निरंतर रूप से शासन स्तर तक पत्राचार किया जाए जिससे कि नियमित रूप से जिले में खाद की निर्बाध आपूर्ति सुचारू रहे।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले नागरिकों को जनसुनवाई के उपरांत समक्ष बुलाकर व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद आयोजित इस विशेष सुनवाई में कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित शिकायतों पर फोकस करते हुए शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत के शीघ्र निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं सहकारी बैंक से जुड़े एक अन्य मामले में भी उन्होंने शिकायतकर्ता से विस्तार

**विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर किया उनका समाधान**



पूर्वक जानकारी लेकर प्रकरण की दोबारा विस्तृत जांच कर शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान के लिए उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने उपस्थित शिकायतकर्ताओं से समस्याओं की जानकारी विस्तार से प्राप्त कर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शाखा प्रभारी को भी निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह शिकायतों का रैंडम चयन कर शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित किया जाए ताकि लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान किया जा सके।

## बुजुर्ग महिला किसान को नहीं मिला किसान सम्मान निधि का लाभ

**नर्मदापुरम।** शासन द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा ही प्रकरण सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार



श्रीमति श्यामाबाई वर्मा उम्र 87 वर्ष जाति जाट जो की ग्राम मोहारी ग्राम पंचायत मोहारी तहसील डोलरिया की निवासी हैं। उन्हें अभी तक किसान सम्मन निधि का लाभ नहीं मिल पाया.उनकी प.ह.नं. 17 में ख. नं. 431/1 रकबा 1.303 एवं खसरा नं. 448/1 रकबा 0.0160 हे. कृषि भूमि है। श्यामाबाई ने 2023-24 में 7 जुलाई को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीयन कराया था। 2 वर्ष पूर्ण होने पर भी उनको इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसकी शिकायत राजस्व विभाग के सभी आला अधिकारियों , जन सुनवाई में कलेक्टर और सी.एम हेल्पलाइन पर भी की परन्तु अभी तक समस्या का हल नहीं हुआ। श्यामा बाई के हल्के के पटवारी प.ह.नं. 17 मयंक राजपूत से सम्पर्क करने का भी कई बार प्रयास किया गया लेकिन पटवारी ने ध्यान नहीं दिया। वे मुख्यालय पर निवास नहीं करते है अपने गृह नगर भोपाल से आना जाना करते है। अत: उनसे दो वर्ष से लगातार सम्पर्क भी नहीं हो पा रहा है। शीघ्र प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने की मांग की है।

## विधवा बहनों के साथ करें न्याय उनकी पेंशन में वृद्धि की जाए : दीक्षित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बहनों को 1200 दिए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर विधवा बहनों को 600 पेंशन निर्धारण कर सहयोग दिया जा रहा है लाडली बहन जिसे पूरे परिवार का संरक्षण प्राप्त होता है वहीं दूसरी ओर कई जगह विधवा बहन अकेले ही परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी निभा रही है सरकार को एवं शासन को इस विषय में विधवा बहनों के विषय में भी विचार करना चाहिए उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए सर्व समाज जन सेवक संगठन के संभागीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कहा कि सरकार को विषय अंतर्गत समीक्षा कर विधवा बहनों के लिए भी न्याय किया जाना चाहिए ताकि उसके ऊपर निर्भर परिवार महंगाई में कुछ हद तक राहत महसूस कर सके सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच एवं सर्व समाज जन सेवक संगठन के सदस्यों ने उक्त मांग का समर्थन करते हुए सम्माननीय मुख्यमंत्री महोदय से यह आशा व्यक्त की है कि विधवा बहनों के लिए भी पेंशन धनराशि बढ़ाने की कृपा करेंगे संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत संरक्षक डी दस डांगी अशोक दीवोलिया ललित मोहन यादव डॉ सुरेंद्र जीत सिंह मोहम्मद अकरम खान बद्री प्रसाद कौरव डॉक्टर सुरेंद्र जीत सिंह डॉक्टर प्रदीप जैन डॉक्टर मयंक तोमर डॉ मोहम्मद आदिल फ़ाजली महेश शर्मा ओम प्रकाश मालवीय ओपी तिवारी आशीष तिवारी नरेंद्र पटेल किरण शर्मा जय बाला निगम सहित सभी सदस्यों ने न्यायउचित मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से शीघ्र विधवा बहनों के लिएआर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आग्रह किया.

## डॉ. मनीष वर्मा ने संभाला संयुक्त संचालक लोक शिक्षण का कार्यभार

**नर्मदापुरम।** नवागत संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग डॉ. मनीष वर्मा ने गत दिवस अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. वर्मा ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर सभी को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए। संयुक्त संचालक डॉ. वर्मा ने कार्यालय कक्षों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था एवं कार्य स्थल की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कब तक कमीशन के चक्कर में खराब रोड का होगा निर्माण: स्वदेश सैनी

**नर्मदापुरम।** नगर की जन समस्याओं पर निरंतर आवाज उठाने वाली समर्पण संस्था लगातार प्रशासन के खिलाफ गांधीवादी तरीके से आंदोलन करती आ रही है, इसी तारतम्य में जिला मुख्यालय की खराब सड़कों को लेकर मंगलवार को सतरास्ते पर गड्ढों में पौधे रोपे गए। संस्था अध्यक्ष स्वदेश सैनी ने बताया कि नगर में लगातार सड़कों की हालत जर्जर है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। समर्पण अधिकारियों से पूछना चाहती है कि आखिर जब रोड का निर्माण होता है तो उस समय रोड निर्माण की क्वालिटी में ध्यान क्यों नहीं दिया जाता? जो रोड निर्माण होने के कुछ महीने में ही रोड उखड़ने लगती है और बारिश आते आते रोड गड्ढों में तब्दील हो जाती है और फिर मेंटेनेंस के नाम पर हर साल आम जनता का टैक्स का पैसा रोड निर्माण में लगा दिया जाता है। आखिर कब तक ठेकेदारों को संरक्षण दिया जाएगा और कब तब कमीशन के चक्कर में खराब रोड का निर्माण होता रहेगा? अभी समर्पण गांधीवादी तरीके से पौधे लगाकर विरोध कर रही है। अगर आने वाले समय में रोड के गड्ढे नहीं भरे गए तो समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।कार्यक्रम में स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, विशाल चावरिया, राज खिलारे, रजत रामहरिया, दिव्यांश राजोरिया, संदीप खिलारे, अनुज सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजन सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगतगुरु डॉ रामकमलाचार्य वेदांती के नगर आगमन पर होगा भव्य स्वागत

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय और आश्रम के संस्थापक डॉ रामकमलाचार्य वेदांती जी के महाकुंभ में जगतगुरु की उपाधि मिलने के उपरांत 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। उनकी भव्य अगवानी के लिए सामाजिक संगठन,प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक संगठनों की एक बैठक मंगलवार को दादजी प्लाजा में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि जगतगुरु डॉ वेदांती जी की शोभायात्रा के बाद मानस भवन में क्षेत्रवासियों सनातन प्रेमियों, विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक संगठनों की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

मालूम हो कि हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश भर के धर्माचार्यों, संतों और शंकराचार्यों ने अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक और नगर के संत डॉ राम कमलदास वेदांती जी को देश विदेश में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अद्वितीय योगदान के लिए जगतगुरु की उपाधि से विभूषित किया गया है। जगद्गुरु की उपाधि मिलने के बाद डॉ वेदांती जी का 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। जगद्गुरु के रूप में उनकी भव्य



अगवानी के लिए मंगलवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने कहा की हमारे लिए यह सौभाग्य है कि नगर के संत को जगतगुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ वेदांती जी के अभिनंदन समारोह को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में तय हुआ कि जहां से जगतगुरु की शोभायात्रा निकलेगी वहां स्वागत द्वार, भगवा ध्वज लगाए जाएं और रंगोली सजाई जाए।

**मेट्रो एंकर** मानसून के बीच खकरिया बीट में दिखाई देने लगे झुंड प्रकृति के लिए सुखद संकेत

# फिर नजर आने लगे प्रकृति के सफाईकर्मी गिद्ध, तेन्दूखेड़ा के जंगलों में बना रहे बसेरा

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

पिछले कई वर्षों से विलुप्त होते जा रहे गिद्धों को लेकर एक सराकात्मक खबर सामने आई है और जिले के जंगली क्षेत्रों में कुछ जगह गिद्ध के झुंड नजर आने लगे हैं। ऐसे हालातों में अब वन्य जीव विशेषज्ञ इसे प्रकृति के साथ विलुप्त प्रजाति के लिए सुखद मांग रहे हैं रविवार और सोमवार को ऐसा नजारा तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र की खकरिया बीट के जंगल में देखने को मिला, जहाँ गिद्धों का एक झुंड हरे-भरे जंगल में एक मृत पड़े मवेशी को खा रहे थे

### गिद्ध: क्षेत्र में दिखने हो गए थे बंद

पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में गिद्ध नजर आने बंद हो चुके थे और हालात यह थे कि विलुप्त होती प्रजाति में जा रहे गिद्धों की तलाश और संरक्षण में जुटने लगे थे और वन्य क्षेत्रों में भी इनकी तलाश की जाती थी। लंबे समय के बाद धीरे-धीरे यह नजर आने शुरु हुए और इन दिनों यह झुंड में भी नजर आने लगे है और अब यह पहले की तरह प्रकृति को शुद्ध करते भी नजर आने लगे है। दरअसल गिद्ध की प्रमुख विशेषता उसकी पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कुदरती कला है। गिद्ध एक ऐसा पक्षी है जो जंगलों में मृत जानवरों के अवशेषों और सड़े गले मांस को जल्दी से खा जाता है। जिस कारण अवशेषों की दुर्गन्ध जंगल में नहीं फैलने पाती और इस प्रकार पूरा वातावरण एवं इकोसिस्टम स्वच्छ बना रहता है।

### नई उम्र के हैं पक्षी

तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र की खकरिया बीट में गिद्ध देखे गए हैं। खकरिया गांव जाते समय सड़क किनारे जंगल में एक मृतक मवेशी



के पास दर्जनों की संख्या में देखे गए हैं। और ये सभी नई उम्र के लग रहे थे। ये इनकी प्रजाति के लिए अच्छी खबर है कि इनकी प्रजातियों को तेन्दूखेड़ा का जंगल वातावरण रास आ रहा है और यहां वे अपनी प्रजाति को बढ़ा रहे हैं मुख्य मार्ग के किनारे एक मृत गाय को भोजन के तौर पर खा रहे थे। इनको राहगीर एक बार रुक कर देख जरूर रहे थे और अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद जरूर कर रहे थे।

### कई बदलाव होने के बाद मिले हैं ये परिणाम

गिद्धों की बढ़ती संख्या के पीछे शुरु किए गए प्रयास हैं जहां एक ओर संरक्षण शुरु किया गया तो दूसरी ओर ग्रामीण अंचल के किसानों में जैविक खेती की ओर बढ़ता रुझान और घातक कीटनाशकों के उपयोग में कमी है। दरअसल दो दशक पहले तक बुंदेलखंड अंचल में गिद्धों की कई प्रजातियों का बसेरा था लेकिन पैदावार बढ़ाने के लिए जैविक खाद, कीटनाशकों का बेतहाशा उपयोग इनका दुश्मन बन गया। इसके अलावा बस्तियों के आसपास ऊंचे वृक्ष भी काट दिए गए। इस वजह से घोंसले बनाने के ठिकाने भी घट गए और इन सभी वजहों ने गिद्धों की प्रजातियों को खतरे में डाल दिया। पिछले 7 वर्षों से गिद्धों की संकटग्रस्त प्रजातियों को बचाने का कार्य शुरु किया जिसके नतीजे सकारात्मक हैं जो अब उम्मीद जगा रहे हैं

### सहयोग करने की अपील

तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने कहा कि गिद्ध पर्यावरण के सफाई कर्मी एवं मानव जीवन में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने गिद्धों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण एवं संवर्धन और उन्हें बचाने में सहयोग करने की आमजन से अपील की है।

### झोलाछाप डॉक्टरों का साम्राज्य, गांव से लेकर सिरोंज लटेरी नगर तक मौत का धंधा

# मासूम की मौत ने खोली परतें, सिस्टम कुछ घंटे जागा, फिर सेटिंग की चादर ओढ़कर सोया!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले की लटेरी में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर ऐसा कुचक्र चल रहा है,जो न सिर्फ़ जानलेवा है,बल्कि पूरे सिस्टम की मिलीभगत का जीता जागता उदाहरण है। इस कुचक्र का परिणाम झेल रही है गरीब जनता हाल ही में लटेरी में एक मासूम की मौत ने इस घिनौने खेल का पर्दाफाश कर दिया है, जिसमें डॉक्टर की जगह धोखेबाज़, अस्पताल की जगह दुकानें,और इलाज की जगह एक्सपेरिमेंट चल रहे हैं।






#### मौत के बाद ही जागता है सिस्टम

बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा मचाया, मीडिया द्वारा खबरें फ्लैश की गईं, तब जाकर सिस्टम कुंभकर्ण जैसी नींद से जागा और कार्यवाही के नाम पर एक दो झोलाछाप क्लीनिकों को सील करने की कार्रवाई की गई। पोस्टर लगे,वीडियो बनाए गए, नेताओं के बयान आए लेकिन ये सब सिर्फ दिखावा था। असल में, ये कार्रवाई सिर्फ़ उन झोलाछापों पर होती है,जो महीने की सेटिंग में पिछड़ जाते हैं। बाकियों को कॉल करके बोला जाता है,आठ दिन

दुकान बंद रखो, फिर से चालू कर लेना। झोलाछापों के पास कोई वैध डिग्री नहीं फिर भी डॉक्टर साहब कहलाते हैं। इन झोलाछापों ने ऐसा नेटवर्क खड़ा कर लिया है कि इनके पास मरीजों की लाइन सुबह 6 बजे से लगने लगती हैं स्टेरॉइड, चाइनीज़ इंजेक्शन,नकली दवाएं खुलेआम दी जाती है,कोई रजिस्ट्रेशन नहीं,कोई मेडिकल निगरानी नहीं और सबसे चौंकाने वाली बात कई अफ़सर और प्रभावशाली लोग भी इन्हीं के पास इलाज करबाने जाते हैं। ये न सिर्फ लापरवाही है,बल्कि सिस्टम के भ्रष्ट होने का जीवंत प्रमाण है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की आँखों के सामने ये क्लीनिक फल फूल रहे हैं क्योंकि हर झोलाछाप की फिक्स सेटिंग होती हैं।

#### सबकी होती है हिस्सेदारी !

इस विभाग में कार्रवाई तभी होती है जब कोई मामला मीडिया की सुर्खियां बन जाए,नहीं तो मौत की फाइल भी गायब हो जाती है साहब,, सिरोंज लटेरी में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ने कार्यवाही का भी अजब गजब फार्मूला निकाल लिया है। कार्यवाही के पहले बा कायदा क्लिनिक संचालक को पहले सूचना दे दी जाती है की टीम आ रही है। आप अपना सामान समेट लो, फिर टीम क्लीनिक पर पहुंच कर नाम मात्र की खानापूर्ति कर क्लीनिक संचालक को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है, इसमें भी एक लॉजिक है,अगर क्लीनिक संचालक गरीब है उसकी राजनीतिक पकड़ नहीं है तो उसके क्लीनिक को सील कर दिया जाता है। सिरोंज पथरिया लटेरी,आनंदपुर मुरारिया मुरवास,बलरामपुर कालादेव युनारसी कला आदि ग्रामों में दर्जनों फर्जी अस्पताल संचालित किए जा रहे है और जनता की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

#### साईं क्लीनिक पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति

लटेरी के साई क्लीनिक पर इलाज कराने से मासूम देव की मौत हो गई, देव की मौत से गुस्साए परिजनों का हंगामा देख प्रशासन ने आनन फानन में क्लीनिक को चेक किया, प्रशासन को क्लीनिक में लाखों रुपए की अंग्रेजी दवाइयां पाई गई, प्रशासन द्वारा फिर भी क्लीनिक संचालक पर नाम मात्र की कार्यवाही की गई, सबसे बड़ी बात तो ये है कि जिस डॉक्टर के इलाज से मासूम की मौत हुई उस डॉक्टर पर धारा 151 के तहत कार्यवाही हुई और डॉक्टर की रातों रात जमानत मिल गई।

#### आम आदमी की मजबूरी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सिरोंज लटेरी में सरकारी अस्पताल है,कई डॉक्टर पदस्थ है तो आम आदमी फिर इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास क्यों जाता है।

सिरोंज लटेरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज भी दर्जनों पद खाली हैं डॉक्टरों की कमी,जांच सुविधा का अभाव,दवाएं खत्म ऐसे में गरीब मरीज मजबूरी में झोलाछाप की दुकान पर जाता है। जब आम आदमी सरकारी अस्पताल जाता है तो पहुंचते ही कंपाउंडर बोलता है,डॉक्टर साहब छुट्टी पर हैं या अभी लंच टाइम है, डॉक्टर साहब आराम कर रहे हैं,थोड़ी देर से आना तो फिर आम आदमी कहीं तो जाएगा,इस मजबूरी को ही झोलाछापों डॉक्टरों और अफसरों ने मुनाफे का बिज़नस बना लिया है।

सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में दर्जनों उप स्वास्थ्य केंद्र करोड़ों रुपए की लागत से खोले गए हैं,उप स्वास्थ्य केंद्र और जन आरोग्य केंद्र मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं, महीने तक इनके दरवाजे नहीं खुलते है,बस कागजों में ही संचालित किए जा रहे हैं। और इन केंद्रों में पदस्थ कर्मचारी अपने घर पर बैठकर ही सरकार की लाखों की सेलरी पा रहे हैं।उधरजिले में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा कई कांड किए जा चुके है,लटेरी में साई क्लीनिक पर पहले भी कई मासूमों की जान जा चुकी है, लेकिन उन मामलों को रफा दफा कर दिया गया,कई जगह झोलाछापों की दवाओं से बच्चों की आंखें खराब हो गई,गर्भवती महिलाएं गलत इंजेक्शन से संक्रमित हो गई। मांग उठने लगी है

सभी झोलाछाप डॉक्टरों की सूची जिले की वेबसाइट पर लोड की जाए और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराई जाए।जन प्रतिनिधियों की भूमिका की स्वतंत्र जांच हो - कौन किसका संरक्षक बना बैठा है, वो भी उजागर हो ।

#### कलेक्टर अंशुल गुप्ता का बयान

झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और जहां भी शिकायतें मिलेंगी, वहां आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को बख्शा नहीं जाएगा और यदि किसी अधिकारी की मिलीभगत की शिकायत सामने आती है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग करने वालों पर नपा के अमले ने की करवाई




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है। इसको लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन व्यापारी बंधुओ को सूचित भी कर चुका है। आम जनता को जागरूकता के लिए रैली भी निकल चुका है इसके बाद भी अधिकांश दुकानदार इस पॉलिथीन का उपयोग कर रहे हैं। इससे पहले

इनकी पॉलिथीन को नगर पालिका प्रशासन जप्त करता था अब जुर्माना भी किया जा रहा है। । मंगलवार को नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने छतरी चौराहे से लेकर आबकारी कार्यालय तक कई दुकानों पर छाप मार कार्रवाई करवाते हुए 4 किलो सिंगल यूज पॉलिथीन को जप्त करके इन दुकानदारों पर जुर्माना की करवाई करते हुए 2900 रूपए भी वसूले।

साथ ही इन्हें हिदायत देते हुए कहा कि इसका उपयोग न करें दूसरों को भी न करने दे सिंगल यूज पॉलिथीन बहुत ही हानिकारक होती है सड़कों पर पड़ी रहने से मवेशी इसको खा लेते हैं इसके कारण इनकी कई बार मौत भी हो चुकी है ।इस वजह से सरकार ने इसको प्रतिबंध किया फिर भी इसका उपयोग हो रहा है। नगर पालिका प्रशासन को थोक में इस पानी की सप्लाई करने वालों पर कार्रवाई करके इसके चालान पर रोक लगानी होगी तभी इसका चलना बंद होगा इसके अलावा आम जनता को भी जागरूक होना होगा तभी बदलाव हो पाएगा।

# अंभा कुशवाह महासभा सिरोंज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को आवेदन पत्र सौंप कर अवगत कराया गया है कि हिम्मत सिंह कुशवाह पिता अमन सिंह कुशवाह ग्राम पथरिया में सरकार द्वारा चार पांच वर्ष पहले शासकीय योजना के अंतर्गत आवासीय पट्टा स्वीकृत किया गया था जबकि उक्त भूमि पर प्रार्थी का 25 साल से कब्जा है जिसका खसरा नंबर 115 प्लॉट नंबर 85 है जो 200 वर्ग मीटर स्क्वायर फिट में है वर्तमान में कच्चा पक्का अधूरा मकान बना हुआ है शेष जगह कुछ खाली पड़ी हुई है लेकिन प्राथी को पड़ोसी मोनू रघुवंशी पुत्र नवल सिंह रघुवंशी निवासी पथरिया द्वारा मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है जबकि मकान का कार्य करते हैं तो इनके द्वारा मजदूरों को भगा दिया जाता है धमका दिया जाता है। जबकि मोनू रघुवंशी खुद शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य चालू है इसके अलावा रामबाबू रघुवंशी पिता पूरन सिंह रघुवंशी निवासी पथरिया इनके खिलाफ तहसील कार्यालय सिरोंज में आवेदन देकर कार्य पर रोक लगवा दी है,जबकि इनके प्लाट के दोनों ओर शासकीय भूमि है,मोनू रघुवंशी उस पर अपना निर्माण कर रहा है, कुशवाह समाज ने तीन दिन का समय दिया है यदि समस्या का हल नहीं हुआ तो पथरिया में ही उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।




# को-ऑपरेटिव सोसाइटी एलजेसीसी कंपनी पर हुई एफडीआई दर्ज

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आम जनता की मेहनत की कमाई को लूटने वाली कंपनी पर फरियादी प्रमोद त्यागी की रिपोर्ट पर कंपनी के मालिक समीर , अग्रवाल, अलोक जैन, रवि तिवारी , सुरषटि निवासी मुंबई राहुल यादव झांसी निवासी, अंगद कुशवाहा निवासी विदिशा, वीरेंद्र कुशवाहा सिरोंज, मनीष चौरसिया, निवासी सिरोंज, एवं कृष्ण मोहन अहिरवार निवासी सिरोंज पर धारा 111-(1)111(2) 111 (3)111( )318,(4)316( )2 (6) एवं धोखाधड़ी की धारा में मामला करके आरोपियों की तलाश की जा रही है कृष्ण मोहन को पुलिस को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं वाकी आरोपियों की तलाश जारी है। कई सालों से फर्जी सोसाइटियां खोलकर करोड़ों आम जनता लेकर गायब हो गए हैं। पहली बार हम जनता के साथ धोखा धड़ी करने वाली सोसाइटी एल जे सी सी कंपनी पर प्रकरण दर्ज किया है। बरसों से जमा करता राशि को पाने के लिए जमा करने वाले दर-दर भटकना है। इनको संचालित करने वाले स्थानीय पढ़े-लिखे युवाओं को इस काम में लगती हैं। फर्जी सोसाइटी चलने वाले पहले तो बड़े तामझाम दिखाती हैं कुछ लोगों को छोटी-मोटी राशि भी देती है बड़ी रकम वसूलकर इनको चलने वाले गायब हो जाते हैं। थोड़ी-थोड़ी राशि जमा करने वाले दुकानदार उत्त राशि के लिए परेशान हो रहे हैं। एज जे सी सोसाइटी के एजेंट को जरूर जमा




कर्ताओं ने पड़कर पुलिस के हवाले किया है उसके बाद शिकायत करने वालों की लाइन लग गई। ऐसी कई फर्जी समिति है जो लोगों जमापूंजी लेकर चली गई है । लंबे समय चली और 1 साल से बंद था एल जे सी नाम की सोसाइटी तथा एजेंटों पर जमा करने वालों की शिकायत पर पुलिस ने शिकंजा करने के लिए अपनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। कुछ सालों कई छोटे और बड़े दुकानदार से प्रतिदिन रकम वसूल रही थी पिछले 1 सालों तक छोटी रकम वापस कर दिए इसके बाद बड़े खाते खोलकर बड़ी रकम वसूल कर कार्यालय भी बंद कर दिया और इसको चलाने वाले भी लापता हो गए। मेहनत की कमाई में से कुछ राशि जोड़ने के लिए ऐसा करने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो है कि लोगों को ठगने के लिए पहले तो बड़े स्तर पर कार्यालय खोला था मोटी राशि लेकर वापस करने की बारी आई तो कार्यालय बंद कर दिया गया। एजेंट भी गायब हो गए थे। वहीं शनिवार की रात्रि में 176000 जमा करने वाले महेंद्र जैन ने कृष्णा मोहन के एजेंट को पकड़ लिया और जमा-पूंजी वापस मांगी तो कहने लग सोसाइटी बंद हो गई इसके बाद एजेंट को थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया जैसे ही राशि जमा करने वलों को इसके पकड़े जाने की जानकारी लगी तो शिकायत करने वालों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी पंकज गीते ने बताया कि अब तक 11 लोगों ने लिखित में शिकायत की है 10 लाख के करीब इनकी रकम जमा है और भी लोग शिकायत करने आ सकते हैं एफआईआर दर्ज करके कई कार्रवाई की जा रही है।लंबे समय से हमको भी इसकी तलाश थी कृष्ण मोहन पर प्रकरण दर्ज करके अन्य लोगों की जानकारी ले रहे हैं साथ ही जमा राशि कहां होती थी उसकी जानकारी लेकर आगे कार्रवाई भी करेंगे दूसरी ओर इस तरह की कई फर्जी समिति या सोसाइटी अभी भी शहर में काम कर रही है ऐसे लोगों की बातों में फंसकर कोई भी अपनी जमा पूंजी इनको ना दे थोड़ा ब्याज ज्यादा देने के लालच में आकर कई दुकानदार इनको प्रतिदिन पैसे देते खाता खोलते समय एजेंट बड़े-बड़े सपने दिखाती है इस वजह से कई लोग इनके फेर में फंस जाते हैं कुछ दोनों के बाद फर्जी तरीके से इनको चलाने वाले रफू चक्कर हो जाती है। करोड़ रुपए का गोलमाल इन फर्जी सोसाइटियों ने अब तक किया है। बड़े-बड़े ऑफिस खोलते हैं कुछ महीना तक काम अच्छा चलता है जैसे ही रकम अच्छी हो जाती है तो सोसाइटी संचालित करने वाले सामान समेट लेते हैं एजेंट भी परेशान होते हैं। इनके संचालक बड़े शातिर होते हैं वसूली के लिए स्थानीय पढ़े-लिखे युवाओं को इस काम में लगते हैं मतलब पूरा होते चलते बनते हैं जमा करने वाले इनको ढूंढते रहते है।

## लोकतंत्र सेनानी गंजबासौदा निवासी नेमीचंद जैन के नेत्रों का हुआ दान, राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

**सिरोंज।** सिरोंज गांधी चौक गंजबासौदा निवासी लोकतंत्र सेनानी मीसाबंदी, पूर्व आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गांधी चौक के अध्यक्ष 84 वर्षीय एडवोकेट नेमीचंद जैन का 7 जुलाई को सुबह निधन हो गया। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए परिवारजनों ने विकास पचौरी फाउंडेशन का सहयोग लेकर नेमीचंद जी का नेत्रदान कराया। वहीं राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नेमीचंद जी ने 12 फरवरी 2021 को नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा था। 7 जुलाई को सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए परिवारजनों ने विकास पचौरी फाउंडेशन से संपर्क किया और विकास पचौरी फाउंडेशन द्वारा विदिशा के अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के आई बैंक में संपर्क किया। जहां से डॉक्टरों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए विदिशा से बासौदा जाकर नेत्रदान संपन्न कराया।

### पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का सिरोंज दौरा: राहुल गांधी पर साधा निशाना

# जब तक कांग्रेस नीचे से चलती रही तब तक कांग्रेस जीतती रही : लक्ष्मण सिंह

**कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर लक्ष्मण सिंह ने कहा हम सब नए सिरे से कांग्रेस को पुनः करेगें खडा**

**लक्ष्मण सिंह ने कहा राहुल को जहां पहुचना था, पहुंच गया वो कभी भी देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज क्षेत्र के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का सिरोंज दौरा हुआ। इस दौरान सिरोंज रेस्ट हाउस में पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह की मीडिया से विशेष चर्चा हुई। कांग्रेस से निष्कासित के बाद पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह क्षेत्र के दौरे पर निकले तो उनके सर्मथको द्वारा प्रत्येक गांव व कस्बो में जोरदार स्वागत किया गया। तो वही जगह जगह रूक कर लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ता व उनके सर्मथको की नवज टटोली और कार्यकर्ता ने भी उन्हे अनेको सुझाव दिए। तब उन्होने कार्यकर्ताओ से कहा कि कांग्रेस किसी के बाप की बपौती नही है। नए सिरे से हम सब कांग्रेस को पुनः खडा करेगें। वही उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता और जनहित की समस्याओं के लिए में आगे रहकर लडाई लडूंगा। इस मौके पर एडवोकेट लेखराज सिंह बघेल,वरिष्ठ पत्रकार सतीश श्रीवास्तव,मनीष रघुवंशी,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक त्यागी,पूर्व मंडी अध्यक्ष इरफान गौरी,गजराज सिंह आदि मौजूद रहें।



#### किसी भी पार्टी में ऐसा कोई प्लेटफार्म नही जहा खुलकर बोला जा सके

मीडिया से चर्चा के दौरान लक्ष्मण सिंह ने कहा कि 1960 में जब पं जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थें। तब उन्होने 15वी लो कमीशन का गठन किया था। जिसमें यह कहा गया था कि जो भी राजनैतिक दल होगें। उनमें इंटरनलडेमोकृषि होगी। आज तक देखा जा रहा है कि राजनैतिक पार्टियो में इंटरनल डेमोकृषि लगभग समाप्त सी हो गई है। कोई भी दल हो और में इसी बात को लेकर में बार बार पार्टी के अंदर कहता रहता था। क्योकि पार्टी में कांग्रेस अकेली नही ओर भी पार्टिया है।

भाजपा में भी कोई ऐसा प्लेटफार्म नही है जहा आप खुलकर बोल सकते है। तो कांग्रेस में भी इस तरह का कोई प्लेटफार्म नही दिखा तो मुझे बोलना पडा और में बोलता रहता था। लेकिन जब पहलगाम की जो घटना हुई तो मुझे बहुत दुख हुआ अश्चर्य भी हुआ। जब राधौगढ में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित पहलगाम घटना पर श्रद्धांजलि सभा में हम शोक व्यक्त करने एकत्रित हुए थें। जब में वहा बोला वह मैने कैमरे में बोला उसके बाद पार्टी ने मुझे नोटिस दिया और मैने उस नोटिस का जवाब दिया और मुझे बडा आश्चर्य हुआ कि जब पार्टी ने मुझे यह कहा कि में अगर एक लाइन लिख दू कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेगें तो सब मामला खत्म हो जाएगा तो मैने मना कर दिया। क्योकि में कोई ज्योतिषी नही हु और मैने यह नही लिखा तो उन्होने मुझे निष्कासित कर दिया।

#### राहुल गांधी को जहां पहुचना था वह वहां पहुच गए है

जब लक्ष्मण सिंह से पूछा गया कि पूरी कांग्रेस यह लिखती है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेगे। जिस पर उन्होने जवाब देते हुए कहा कि बिल्कुल नही बनेगें। उनको जहा पहुचना था वह पहुच गए इससे आगे वह नही बडेगे। इसके कई कारण है दोहरी नागरिकता क्यो ले रखी है। दोहरी नागरिकता वह व्यक्ति लेता है या दुनिया का कोई भी देश इसलिए देता है कि आपका या परिवार वहा हो या फिर आपका व्यापार वहा हो। इनके परिवार का कौन सा सदस्य वहा पर है यह बताए या कौन सा व्यापार वहा है यह बताए। तो दोहरी नागरिकता किस लिए ले रखी है आज जो नेता प्रतिपक्ष है उनको बताना चाहिए और इसका एक लीगल मेटर यह वह चल रहा है और कभी न कभी कोर्ट का फैलसा भी होगा और उनको फेस करना पडेगा। तो भूल जाइए कि वह प्रधानमंत्री बनेगें। वही उन्होने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर था वह देश की सेना का शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन था और एक जबाव था। उस पर सवाल करना हंसी उडाना मजाक करना यह गंभीरता जब नही है तो आप फिर कैसे राजनीति करेगें।

#### जब तक कांग्रेस नीचे से चलती रही तब तक कांग्रेस जीतती रही

जब लक्ष्मण सिंह से सवाल किया गया कि कांग्रेस से निष्कासित के बाद आपके द्वारा ऐसी कोई घोषणा की थी कि आपके द्वारा अलग एक नई पार्टी बनाई जाएगी। जिस पर जबाव देते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मै नही बनाउंगा। कांग्रेस पार्टी में कई सालो से यह विचारधारा चल रही है और आज भी लोग संतुष्ट इसलिए नही है क्योकि आपने समथन नीचे से खडा नही किया। जो समथन था उसको खत्म और कर दिया कोई भी पार्टी हो वह नीचे से चलती है उपर से नही चलती है। जब तक पार्टी नीचे से चलती रहेगी और नीचे से जो हमारे साथी कहते थें। उनके अनुकूल होता रहा कांग्रेस जीतती आई। यह जब राहुल गांधी जब अध्यक्ष बने निर्णय उपर से होने लगें ऐसे निर्णय होने लगे जिससे पार्टी में असंतोष हुआ जनता में असंतोष हुआ। यह कारण रहा और पार्टी का जनाधार खतरे में है। जो मुध्धे उठाने थे उन्हे नही उठाया गया और जो मुध्धे नही उठाने चाहिए थे वह उठाए गए।

**नायर का फ्लॉप शो, रेड्डी भी फेल...**

# लॉर्ड्स में इस फुस्स तिकड़ी से कैसे निपटेंगे कैप्टन शुभमन गिल



नई दिल्ली,, एजेंसी

**तेंदुलकर-एंडरसन सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। लीड्स में मिली हार के बाद टीम इंडिया ने एजबेस्टन में कमाल कर दिया और जीत हासिल की। इस सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स में 10 जुलाई से है। गिल की कप्तानी में टीम इंडिया इस जीत के बाद उत्साह से भरी है। लेकिन इस महाजीत के बाद भी टीम इंडिया के इन 3 खिलाड़ियों का प्रदर्शन सवालों में हैं। अगर भारत को सीरीज जीतनी है तो इन कमियों को जल्द से जल्द दूर करना होगा।**

### पहले बात करुण नायर की

आईपीएल 2025 और घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन के बाद करुण नायर की टीम इंडिया में 8 साल बाद वापसी हुई। लेकिन लीड्स में खेले गए पहले मैच की पहली पारी में करुण नायर खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, दूसरी पारी में भी नायर फ्लॉप रहे और केवल उनके बल्ले से 20 रन ही आए। दूसरे टेस्ट में भी नायर फ्लॉप ही रहे और दोनों पारियों में उनके बल्ले से 31 और 26 रन ही आए। यानी अबतक करुण नायर अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं।

### प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी बहुत साधारण

टीम इंडिया के लिए दूसरी सबसे बड़ी टेंशन प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी है। अबतक खेले गए दोनों टेस्ट मैच में कृष्णा ने बहुत ही साधारण गेंदबाजी की है। वो बिलकुल प्रभावहीन नजर आए हैं। पहले टेस्ट की पहली पारी में प्रसिद्ध ने 20 ओवर गेंदबाजी की और 128 रन दे दिए। हालांकि, उन्हें तीन सफलता मिली। लेकिन दूसरी पारी में 24 ओवर में 104 रन देकर वो सिर्फ एक ही विकेट चटका सके। दूसरे टेस्ट की बात करें तो प्रसिद्ध ने पहली पारी में 13 ओवर फेंके लेकिन 72 रन देने के बाद भी विकेट नहीं चटका सके। वहीं, दूसरी पारी में भी प्रसिद्ध कृष्णा ने 14 ओवर फेंके और केवल 1 विकेट चटका सके। ऐसा तब था जब आकाशदीप और सिराज अपनी रफ्तार से कहर बरपा रहे थे।

### नीतीश रेड्डी का प्रयोग रहा फेल

पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय प्लेइंग इलेवन में नीतीश रेड्डी की एंट्री हुई थी। लेकिन गिल-गंभीर का ये प्रयोग पूरी तरह से फेल रहा। रेड्डी दूसरे टेस्ट की पहली पारी में केवल एक रन बना सके। वहीं, दूसरी पारी में भी उनके बल्ले से केवल एक रन ही आए। गेंदबाजी में भी वो प्रभावहीन रहे। उन्होंने कुल 6 ओवर की गेंदबाजी की और विकेट नहीं चटका सके। ऐसे में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर अगर टीम इंडिया को जीत हासिल करनी है और सीरीज में 2-1 से बढ़त बनानी है तो इन कमियों को भी दूर करना होगा और जीत हासिल करनी होगी।







**विंबलडन 2025 : भारत के युकी-गैलोवे की जोड़ी मेंस डबल्स से बाहर**

# जोकोविच 16वीं बार क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के मिनॉर को हराया

लंदन, एजेंसी

**सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार रात को राउंड ऑफ 16 मैच में ऑस्ट्रेलिया के 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। 38 साल के जोकोविच ने 16वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला इटैलियन स्टार फ्लावियो कोबोली से होगा।**

जोकोविच के अलावा, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज, रूस के कारेन खचानोव, ब्रिटेन के कैमरून नोरी और स्पेन के कार्लोस अल्काराज भी टॉप-8 में पहुंच गए हैं। विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका, जर्मनी की लौरा सीजमंद, अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव, स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच, रूस की लुडमिला सैमसोनोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साथ ही भारत के युकी भांबरी को उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ मेंस डबल्स कैटेगरी में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

**टेलर फ्रिट्ज को वॉकओवर मिला-** मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया। ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने चिली के निकोलस जैरी 6-3, 7-6, 6-7, 6-7, 6-3 से और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराते हुए टॉप-8 में प्रवेश किया।

### सबालेंका ने मर्टेंस को सीधे सेट में हराया

वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। जर्मनी की लौरा सीजमंद ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिका की अमांडा एनिसीमोव ने चेक रिपब्लिक की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया। स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6, 6-4 से और रूस की लुडमिला सैमसोनोवा ने स्पेन की जेसिका बूजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराया। इससे पहले, अर्जेंटीना के मासेर्लो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी।

## चौथा टी20 मैच: हरमनप्रीत-शेफाली को दिखाना होगा दम

**मैनचेस्टर।** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे।



शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे।

## यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके

वॉर्सेस्ट, एजेंसी

भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है। सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया। भारत की खराब शुरूआत- कप्तान आयुष एक रन ही बना सके भारत की शुरूआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान



आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## रश्मिका मंदाना संग डेटिंग की चर्चा, पर्सनल लाइफ को छुपाकर क्यों रखते हैं विजय देवरकोंडा?

विजय देवरकोंडा साउथ सिनेमा के टॉप एक्टर्स में शुमार हैं। विजय कई फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस के दिलों को धड़का चुके हैं। लेकिन एक्टर की प्रोफेशनल लाइफ के साथ उनकी पर्सनल लाइफ भी अक्सर चर्चा में बनी रहती है। अब विजय ने बताया है कि वो अपनी पर्सनल लाइफ को हमेशा गार्डेड क्यों रखना चाहते हैं? विजय देवरकोंडा को लेकर लंबे समय से ऐसी चर्चा है कि वो एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना संग रिश्ते में हैं। मगर कभी दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया। वहीं, एक इंटरव्यू में जब विजय से उनके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा था- मैं 35 साल का हूं। मैं सिंगल नहीं हूं। तब इस बात पर खूब चर्चा हुई थी, लेकिन उन्होंने इससे ज्यादा डिटेल्स शेयर नहीं की थीं। एक्टर ने बताया है कि आखिर वो अपनी पर्सनल लाइफ की डिटेल्स शेयर क्यों नहीं करते हैं? विजय बोले- फेम और गुमनामी की ये जंग है। आप दुनियाभर में मशहूर एक्टर बनना चाहते हो, मगर साथ ही गुमनाम भी रहना चाहते हो। ये एक तरह का पागलपन है। एक्टर ने आगे बताया कि अगर उन्हें चॉइस मिले तो वो अपना एक फिक्शनल वर्जन बनाकर अपनी असली पहचान छुपाना चाहेंगे। एक्टर बोले- मैं लोगों से कहता था कि अगर मैं एक ऐसा मास्क पहन सकूं, जो मेरे जैसा न दिखे, और वो आदमी स्टार बन जाए जबकि मैं सिर्फ एक्टिंग करता रहूं तो मैं खुश रहूंगा।

## 32 साल की पाक एक्ट्रेस की घर में मिली लाश, घर में 2 हफ्तों तक सड़ता रहा शव

पाकिस्तानी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक्ट्रेस हुमैरा असगर अली का निधन हो गया है। वो 32 साल की थीं। वो कराची स्थित डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी के एक अपार्टमेंट में रहती थीं, जहां उनकी लाश मिली है। माना जा रहा है कि एक्ट्रेस की मौत 2 हफ्ते पहले हो चुकी थी, लेकिन किसी को इसकी खबर नहीं लगी। हुमैरा असगर अली पाकिस्तानी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का जाना-माना नाम थीं। उन्होंने कम उम्र में अपनी पहचान बना ली थी। 7 जुलाई को जब उनके निधन की खबर आई, तो सभी शॉक्ड रह गए। ढ्ढद्बड्डद्दह्य संग बातचीत में साउथ ष्ठढ्ढत्र सैयद असद रजा ने बताया कि अली का शव फेज-ङ्क्षढ्ढ में इत्तेहाद कमर्शियल के एक फ्लैट से बरामद किया गया। उनकी लाश सड़ी-गली



अवस्था में दिखी। उन्होंने ये भी कहा कि उनकी मौत दो हफ्ते पहले ही हो चुकी थी, लेकिन आस-पास रहने वालों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

डीआईजी ने कहा कि गिजरी पुलिस स्थानीय अदालत के आदेश पर अपार्टमेंट खाली कराने के लिए मौके पर पहुंची थी। जब पुलिस ने दोपहर 3:15 बजे दरवाजा खटखटाया, तो किसी ने जवाब नहीं दिया। उसके बाद पुलिस ताला तोड़कर अपार्टमेंट के अंदर पहुंची, जहां उनका शव पड़ा मिला। सबूत जुटाने के लिए मौके पर पुलिस की क्राइम सीन यूनिट को बुलाया गया। एक्ट्रेस अपार्टमेंट में किराए पर रह रही थीं। उन्होंने 2024 से मकान मालिक को किराया देना बंद कर दिया था, जिसके बाद अदालत ने उन्हें घर खाली करने का आदेश दिया था।

### हैरान हुए यूजर्स

हुमैरा असगर अली की मौत की खबर ने सभी को हैरान-परेशान कर दिया है। उनकी मौत की खबर आग की तरह फैल गई है। हुमैरा को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने लोगों को किसी भी तरह की अटकलों से बचने की सलाह दी है। पुलिस का कहना है कि जब तक जांच में मौत की वजह का पता नहीं चलता, किसी भी नतीजे पर ना पहुंचे। पुलिस एक्ट्रेस के फोन की मदद से उनके परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। हुमैरा असगर अली के काम की बात करें, तो उन्हें ARY के रियलिटी शो तमाशा घर में देखा गया था। इसके अलावा उन्होंने 2015 में रिलीज हुई फिल्म जलेबी में भी काम किया था।



**मेट्रो बाजार**

## देश में जून में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 28.6 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री जून में सालाना आधार पर 28.60 प्रतिशत बढ़कर 1,80,238 इकाई हो गई। मोटर वाहन डीलर के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री जून में सालाना आधार पर 79.95 प्रतिशत बढ़कर 13,178 इकाई हो गई जबकि जून 2024 में यह 7,323 इकाई रही थी।

फाडा ने बयान में कहा, समग्र इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ई-यात्री वाहनों की हिस्सेदारी जून 2024 के 2.5 प्रतिशत से बढ़कर जून 2025 में 4.4 प्रतिशत हो गई। समीक्षाधीन महीने में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बिक्री 60,559 इकाई दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने बेचे गए 52,302 वाहनों से 15.79 प्रतिशत अधिक है। मोटर वाहन डीलर के शीर्ष निकाय के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड की जून 2025 में कुल ईवी मांग में हिस्सेदारी 60.2 प्रतिशत रही जबकि जून 2024 में यह 55.4 प्रतिशत थी। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 31.69 प्रतिशत बढ़कर 105,355 इकाई हो गई, जबकि जून 2024 में 80,003 ई-दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री दर्ज की गई थी। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी जून में 122.5 प्रतिशत बढ़कर 1,146 इकाई रही जो जून 2024 में 515 इकाई रही थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बताया कि इलेक्ट्रिक परिवहन सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व गति पकड़ रहा है। इसे इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना के अधिदेश से बल मिल रहा है।

## आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6 फीसद गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8 फीसदीघटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट (आरआरआर) रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3त्न बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।



नॉन-वेज थाली भी 6 फीसदी सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6 फीसदी घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4 फीसदी बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।

**आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे-** क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24 फीसदी घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27 फीसदी और आलू के भाव में 20 फीसदी की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है।

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र का मामला

# गला रेतकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, पीएम रिपोर्ट के बाद अज्ञात हत्यारे पर मामला दर्ज

**- 3 जुलाई से लापता थे प्रॉपर्टी डीलर, छह जुलाई की शाम कार में मिली थी डिकंपोज लाश**

**- एफएसएल और पुलिस की टीम ने निरीक्षण के बाद हत्या होने की बात से किया था इंकार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया से तीन जुलाई को रहस्यमय तरीके से लापता हुए प्रॉपर्टी ब्रोकर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उनकी लाश सूखीसेवनिया पुलिस थाना क्षेत्र स्थित गांव पिपलिया जाहिर पीर में बीजासन फार्म हाउस के पास सड़क पर खड़ी कार में ड्राइवर सीट पर मिली थी। थाना पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दीथी। निरीक्षण में पुलिस और एफएसएल की टीम ने हत्या की बात से इंकार किया था। एफएसएल और पुलिस की दलील थी कि लाश तीन दिन पुरानी होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुकी थी और शरीर पर चोट के निशान नहीं मिलेथे। अब पीएम रिपोर्ट मिलने पर पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर की गला रेतकर हत्या की गईथी।



जानकारी के अनुसार कपिल शर्मा (45) संत आशाराम नगर, बागसेवनिया में रहते थे और प्रॉपर्टी का काम करतेथे। प्रॉपर्टी के अलावा वे इंटीरियर डेकोरेटर का भी काम करते थे। गत 3 जुलाई की दोपहर तीन बजे वह अपने घर से स्वीफ्ट कार लेकर निकले थे। इसके बाद से ही वह लापता थे। परिजन रात में बागसेवनिया थाने पहुंचे और उनकी गुमशुदगी दर्ज करानी चाही। इस दौरान बागसेवनिया पुलिस ने उनकी लोकेशन निकाली तो आखिरी लोकेशन रात करीब 9 बजे के आसपास मिली। वे रात 9 बजे सिद्धार्थ लेकसिटी के पास रायसेन रोड परथे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। अगले दिन 4 जुलाई को बागसेविनया पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। आखिरी बार वह एक दोस्त के साथ देखे गएथे। उक्त दोस्त से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह कपिल शर्मा के साथ था। उन्होंने उसे छोड़ दिया और वह सीहोर अपने घर चला गया। इसके बाद से कपिल शर्मा किसके साथ थे उसे जानकारी नहीं है।

### कार में मिली थी शराब


रविवार 6 जुलाई की शाम उनकी लाश कॉलोनी के चौकीदार ने सड़क पर खड़ी कार में देखीथी। कार उसे एक दो दिन से खड़ी नजर आ रही थी। उसने पास जाकर देखा तो अंदर सीट पर उसे लाश नजर आई। उसने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लाश बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दी। पुलिस को कार में शराब की बोतल, डिस्पोजल और अन्य सामान मिला था।

## पैदल जा रहे किशोर को कार ने मारी टक्कर



**भोपाल।** गौतम नगर स्थित चौकसे मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने पैदल जा रहे किशोर को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रंभानगर झुग्गीबस्ती निवासी रिजवाना बी गृहणी हैं। मंगलवार को वह अपने बच्चे रेहान अली (13) को शाकिर अली अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौट रही थी। आटो से बैरसिया रोड पर उतरने के बाद मां-बेटे पैदल घर की तरफ जाने लगे, तभी चौकसे नगर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने रेहान को टक्कर मार दी, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शाहजहांनाबाद में जिलाबदर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि जिलाबदर बदमाश शहजाद खान इलाके में ही घूम रहा है।**

सूचना के बाद पुलिस की एक टीम बताए गए घटनास्थल पर पहुंची तो बदमाश किराने की दुकान के सामने खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम शहजाद खान निवासी मदर इंडिया कालोनी बताया। आदतन अपराधी होने के कारण आरोपी शहजाद के खिलाफ मई महीने में एक साल के लिए भोपाल जिले के साथ ही विदिशा, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम और रायसेन जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए थे। गिरफ्तार आरोपी जिलाबदर के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

इधर टीला जमालपुरा पुलिस ने हरिजन बस्ती के पास साहिल खान और गांधी नगर पुलिस ने रिलायंस फ्रेस के पास अकरम को अवैध छुरी के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## राजधानी के निजी अस्पताल पर बच्चा बदलने के गंभीर आरोप लगे

**भोपाल।** राजधानी मे एक निजी अस्पताल में बच्चा बदलने के गंभीर आरोप सामने आये हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के पीजी रेजिडेंट डॉ. तरुण मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इससे जुड़ी लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि 1 जुलाई को उनकी पत्नी अवनी शर्मा मिश्रा ने गौतम नगर स्थित विजया मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में एक नवजात को जन्म दिया। जन्म के बाद संबंधित स्टाफ ने तत्काल यह जानकारी नहीं दी कि जन्म लड़के या लड़की का हुआ है। अस्पताल ने कहा महज गफलत थी कुछ देर बाद डॉक्टर ने हमें बताया कि बच्ची का जन्म हुआ है। लेकिन जब 3 जुलाई को डिस्चार्ज पेपर तैयार हुए तो उन दस्तावेज में शिशु के लिंग को फ्मेलफ् बताया गया। जबकि, हमें दिया गया शिशु लड़की है। इतना ही नहीं, नवजात का वास्तविक वजन 3.1किलोग्राम था। जबकि दस्तावेजों में 3.74 किलोग्राम लिखा था। अब मामले में अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि, बच्ची के जन्म के बाद तय प्रोटोकॉल के तहत पूरी प्रक्रिया की गई। पहले बच्चे और मां को स्टेबल किया गया। दोनों के स्टेबल होते ही मां को और परिजनों को जानकारी दी गई कि बच्ची का जन्म हुआ है। स्टाफ द्वारा फीमेल की जगह मेल पर गलती से क्लिक करने से यह कंफ्यूजन हुई थी। मामला संज्ञान में आते ही इसे ठीक भी करवा दिया गया था। यदि, उन्हें शंका है तो डीएनए टेस्टिंग कराई जा सकती है। उधर शिकायतकर्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह चिकित्सा नैतिकता और वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना और भ्रामक गतिविधियां माता-पिता और पूरे परिवार के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालती हैं। इससे हेल्थ सेक्टर पर लोगों का भरोसा भी कम होता है। डॉ. मिश्रा ने सीएमएचओ को लिखे पत्र में मामले की जांच करने और गलती मिलने पर कार्रवाई की मांग की है।

### बेकाबू हुई एसयूवी ने कईयों को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत

**भोपाल।** सुभाष नगर में एक तेज रफ्तार थार वाहन ने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी, फिर दो बाइक, एक ऑटो और एक इनोवा को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो और इनोवा दोनों पलट गए। हादसे में ई-रिक्शा चला रहे 55 वर्षीय खैरउल्लाह नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा मंगलवार रात हुआ।

## आधा दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहन चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर के विभिन्न इलाकों से आधा दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहन चोरी हो गए। जानकारी के अनुसार प्रिंस कालोनी लांबाखेड़ा निवासी शाहरुख कुरैशी फर्नीचर का काम करते हैं। पिछले दिनों वह न्यू कबाडख़ाना हनुमानगंज स्थित अपनी ससुराल गए थे।

उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। अगले दिन सुबह देखा तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी।

इधर बैरागढ़ स्थित निर्माणाधीन मकान के सामने से सुनील कुमार धाकड़, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा से इसरार खान, प्रामिड टाउन कालोनी अवधपुरी से हिमांशु राजपूत की बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार टीटी नगर थानांतर्गत लिंक रोड नंबर तीन से सुमित शुक्ला और टीटीटीआई के पास से किशोर धाकड़ का दोपहिया वाहन चोरी हो गया।

## तेज रफ्तार कार पलटने से महिला समेत 3 गंभीर घायल

**सवा महीने बाद चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क इलाके में एक तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर खेत में जाकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार महिला और उनके बेटे और बेटी को गंभीर चोट आई थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें बेड रेस्ट दिया गया है। पुलिस ने करीब सवा महीने बाद महिला की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीमा चंद्रावत (46) कुरावर जिला राजगढ़ की रहने वाली हैं। पिछले महीने दो जून को वह अपने बेटे और बेटी के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से बेटी के एडमीशन के लिए भोपाल आ रही थी। कार उनका ड्रायवर घनश्याम मीना चला रहा था। रास्ते में घनश्याम कार को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। सीमा ने उसे कार को धीमी रफ्तार पर चलाने के लिए कई बार बोला, लेकिन वह नहीं माना। दोपहर करीब डेढ़ बजे सीमा की कार जैसे ही ग्राम पाटनिया से राजीव नगर टपरा की तरफ जा रही थी, तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पटल गई। इस हादसे में कार में सवार सीमा और उनके बच्चों को गंभीर चोट आई थी। घटना के समय पीछे आ रही कार में सवार लोगों ने सभी को बाहर निकाला और इलाज के लिए लालघाटी स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। करीब दो सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें छुट्टी दी गई। तबीयत में सुधार होने के बाद सीमा ने मंगलवार को थाने जाकर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** आरोपी पर न्यायालय ने पांच हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले जीजा को 20 साल की जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी जीजा को न्यायालय ने 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर न्यायालय ने पांच हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है।

यह फैसला विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की अदालत ने सुनाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर ने पैरवी की। मामले में न्यायालय ने पीड़िता को प्रतिकर राशि के रूप में चार लाख रूपये प्रदान करने के आदेश भी पारित किए हैं।



लोक अभियोजक के अनुसार, 2 नवंबर 2020 को चाइल्ड लाईन भोपाल के सदस्य द्वारा पुलिस थाना टीटीनगर थाना पुलिस को एक लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में बताया गया कि 11 वर्षीय पीड़िता के साथ उसके सगे जीजा द्वारा कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने कथनों मे बताया कि पांच भाई-बहनों में वह सबसे छोटी है और उसके माता-पिता नही है, बड़े भाई ने दीदी के घर रहने के लिये भेज दिया। जहां आरोपी ने उसके साथ यह गंदा काम किया।

आरोपी उसकी बहन के काम पर जाने के बाद अकेले में उसके साथ दुष्कर्म करता था। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। शिकायत पर थाना टीटी नगर ने आरोपित के दुष्कर्म की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022